उज्जैन
सोमवार
20
अप्रैल, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-166
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



धुरंधर-2 ने पुष्पा-2 का रिकॉर्ड तोड़ा

## राज्य सरकार की टालने की मंशा ज्यादा, समर्थन मुल्य पर खरीदी की कम

# सेटेलाईट सत्यापन में अटके किसान, फिर पंजीयन की समस्या

### एक के बाद एक नई समस्याओं से रूबरू हो रहे किसान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

समर्थन मुल्य पर गेंहु खरीदी को लेकर सरकार की मंशा किसानों के सवालों के घेरे में है। खरीदी के मामले में सरकार की मंशा को टालने के स्तर पर देखा जा रहा है। खरीदी में एक के बाद एक किसानों के लिए समस्याओं की फेहरिस्त लगा दी गई है। किसान संघ की बार-बार शिकायतों के बावजूद निदान में समय निकाला जा रहा है। एक समस्या के निराकरण से पूर्व दुसरी खडी हो रही है। इससे किसान सवाल उठा रहे हैं कि मंशा यही है कि ज्यादा से ज्यादा किसान बाजार में अपना गेंहु बेंच दे।

जिले में करीब सवा लाख किसानों ने समर्थन मुल्य पर गेंहु विक्रय के लिए अपने पंजीयन करवाए थे। इनमें से करीब 43 हजार किसानों के सेटेलाईट असत्यापन की स्थिति सामने आ गई थी। उसके साथ ही स्लाट बुकिंग में भी बराबर समस्या आने की शिकायत किसानों द्वारा दर्ज की जा रही थी। 43 हजार किसानों के असत्यापन को लेकर किसान संघ ने आंदोलन का रूख करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा दिया था। इसके बाद किसानों को आश्वासन मिला था लेकिन समस्याओं के निराकरण के साथ ही नई समस्याओं ने जन्म ले लिया जिससे किसान खरीदी में टालने की मंशा का सवाल खडा कर रहे हैं।



#### पराली जलाने का प्रकरण,सेटेलाईट में असत्यापन

किसान संघ के महिदपुर तहसील अध्यक्ष भगवान सिंह के अनुसार बडनगर तहसील में एक किसान के यहां पराली जलाने का प्रकरण बनाया गया है। इसके उलट सेटेलाईट में उसके खेतों में गेंहु का असत्यापन बताया गया है। महिदपुर तहसील के ही झारडा में सेटेलाईट में असत्यापन किया गया। भौतिक सत्यापन में स्थल पर पराली मिली है। जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी की उपस्थिति में इस मामले का सत्यापन हुआ। सत्यापन की प्रक्रिया तीन चरणों में थी। पटवारी से गिरदावरी करवाई गई। कटाई के समय में गिरदावरी के बावजूद उसका सत्यापन नहीं हो रहा है। तीसरे चरण में तहसीलदार की आईडी से सत्यापन हुए । इसके बाद भी सेटेलाईट के असत्यापन में किसान लटक गया है। इससे तो सरकार भावांतर योजना के तहत गेंहु की खरीदी करती तो ऐसी स्थिति नहीं बनती और आर्थिक रूप से सरकार पर बोझ भी नहीं पडता।

#### अब 4 क्विंटल का ही स्लाट बुक हो रहा- भाकिसं

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के मुताबिक 43 हजार किसानों का सेटेलाईट असत्यापन की स्थिति थी। इसमें से करीब 32 हजार का सत्यापन भोपाल से हुआ है 11 हजार किसान अब भी असत्यापन की जद में हैं। अभी इस समस्या के साथ स्लाट बुकिंग का मसला भी उलझन में है। इनके निदान से पहले ही नई समस्या सामने है जिसमें मात्र 4 क्विंटल विक्रय का ही स्लाट बुक हो रहा है। ऐसे में सरकार की मंशा सवालों के दायरे में ही कही जाएगी।

### 54 जिलों में 500 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए

## एमपीपीएससी वेबसाइट ठप, एडमिट कार्ड के लिए 1.35 लाख छात्र परेशान

#### 26 अप्रैल को है राज्य सेवा परीक्षा

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC) की आधिकारिक वेबसाइट में आई तकनीकी खराबी ने राज्य सेवा और वन सेवा परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले हजारों अभ्यर्थियों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से पोर्टल बंद होने के कारण उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड नहीं कर पा रहे हैं, जिससे परीक्षा से पहले असमंजस की स्थिति बन गई है।

आयोग के अधिकारियों के मुताबिक वेबसाइट का सर्वर डाउन हो गया था, जिसे ठीक करने के लिए लगातार मेंटेनेंस का काम चल रहा है। राज्य सेवा के 155 पद और वन सेवा के 36 पदों पर भर्ती निकाली गई है। लगभग 1 लाख 35 हजार उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। परीक्षा 26 अप्रैल को आयोजित की जानी है, जिसके लिए प्रदेश के 54 जिलों में 500 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

एडमिट कार्ड 16 अप्रैल से जारी किए जा रहे थे, लेकिन शुक्रवार रात से वेबसाइट ठप हो गई।

## अयोध्या सरयू आरती में नया ड्रेस कोड लागू, हर दिन अलग वेशभूषा में दिखेंगे पुजारी

ब्रह्मास्त्र ›› अयोध्या



अयोध्या में मां सरयू की आरती को और आकर्षक और व्यवस्थित बनाने के लिए अब नया ड्रेस कोड लागू किया गया है। सरयू नदी तट पर होने वाली आरती में पुजारी सप्ताह के सातों दिन अलग-अलग रंगों के वस्त्र धारण करेंगे। इस पहल का उद्देश्य आरती को भक्ति के साथ-साथ सौंदर्य और सांस्कृतिक अनुभव से जोड़ना है, ताकि श्रद्धालुओं को दिव्य माहौल का एहसास हो सके।

नई व्यवस्था के तहत रविवार को सफेद, सोमवार और शुक्रवार को लाल, मंगलवार को भगवा, बुधवार को हरा, बृहस्पतिवार को पीला और शनिवार को नीले रंग के वस्त्र पहने जाएंगे। हर रंग का अपना धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बताया गया है, जिससे आरती की आध्यात्मिकता और अधिक प्रभावशाली बनेगी। सरयू आरती संस्था के अध्यक्ष महंत शशिकांत दास ने बताया कि इस बदलाव से आरती का स्वरूप और भव्य होगा। रंगों के समन्वय से श्रद्धालुओं को हर दिन एक नया अनुभव मिलेगा। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए यह पहल आकर्षण का केंद्र बनेगी।

## पत्नी के आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर प्रेमिका को भेजे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पति और पत्नी के बीच एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। आगरा की युवती की दिल्ली में शादी हुई। पति ने कमरे में हिडन कैमरा लगा दिया। इसके बाद पत्नी के आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। उन वीडियो को अपनी प्रेमिका को भेज दिया। इसका खुलासा तब हुआ जब मायके में रह रही विवाहिता को उसने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस मामले में हरीपर्वत थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

हरीपर्वत क्षेत्र की महिला की शादी दिल्ली के पीतमपुरा क्षेत्र निवासी युवक के साथ 12 नवंबर, 2024 को हुई थी। महिला ने बताया कि वह और उसकी छोटी बहन दिल्ली में मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी करती थीं। आरोप लगाया कि शादी के बाद ससुर खुद का 500 करोड़ का कारोबार बताकर दहेज में 10 करोड़ और देने की मांग करता था। पति मारपीट करता था और बागपत की रहने वाली तनिक्षा नाम की महिला से बात करता था। तनिक्षा गुरुग्राम में नौकरी करती है। महिला का आरोप है कि 3 फरवरी, 2025 को ससुरालियों ने मारपीट कर बंधक बनाया था। पिता ने आकर पुलिस की मदद से उसे निकाला। तब से वह पिता के पास ही रह रही है।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका

### 23 की मौत:इनमें 16 महिलाएं; रेसक्यू के दौरान दूसरा ब्लास्ट, बचाव में जुटे 13 लोग घायल

ब्रह्मास्त्र ›› विरुधुनगर



तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में रविवार को एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हुआ। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 23 लोगों की मौत हुई है। 6 घायलों को क्र्व में भर्ती कराया गया है। अब तक 19 शवों की पहचान हो चुकी है। इनमें 16 महिलाएं और तीन पुरुष हैं। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, रेस्क्यू के दौरान एक और विस्फोट हुआ। इसमें पुलिस, फायर और रेस्क्यू टीम के 13 लोग घायल हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शुरूआती जांच में सामने आया कि विस्फोट फैक्ट्री के सामने वाले हिस्से में हुआ, जहां मजदूर बारूद के साथ काम कर रहे थे। प्रशासन ने ऋक्षक दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। निगरानी के लिए एक सीनियर आईएएस अधिकारी को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा- जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने  पर लिखा- मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मंत्रियों को तुरंत घटनास्थल पर जाने के लिए कहा है। साथ ही जिला कलेक्टर से बात कर सभी जरूरी सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। इससे पहले 13 अप्रैल को विरुधुनगर सत्तूर के पास सथिरापट्टी इलाके में एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ था। इसमें दो मजदूर की मौत हो गई थी। पांडी नाम के मजदूर की मौके पर झुलसने से मौत हो गई थी। वहीं अस्पताल में इलाज के दौरान करुप्पासामी (33) की मौत हो गई।

## अमेरिका-शख्स ने अपने 7 बच्चों समेत 8 की हत्या की

**नई दिल्ली।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे। अमेरिका में इस साल की यह सबसे बड़ी मास शूटिंग की घटना मानी जा रही है। यह घटना रविवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय के मुताबिक) वेस्ट 79वीं स्ट्रीट के 300 ब्लॉक में हुई। इसे घरेलू विवाद से जुड़ा मामला बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि 7 बच्चों को घर के अंदर गोली मारी गई, जबकि एक बच्चे को छत पर गोली लगी, जब वह जान बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहा था। हमले में असॉल्ट-स्टाइल हथियार का इस्तेमाल किया गया।




## गांधीसागर जलाशय में अवैध शिकार: 3 आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** मंदसौर के गांधीसागर जलाशय (संजीत क्षेत्र) में बिजली का करंट फैलाकर मछलियों का अवैध शिकार करने वाले पश्चिम बंगाल के तीन आरोपियों को पुलिस और वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से शिकार में प्रयुक्त बैटरी और बिजली के तार बरामद किए गए हैं। इस अवैध गतिविधि के दौरान करंट की चपेट में आने से एक मगरमच्छ की भी मृत्यु हो गई, जिसका पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया है। प्रशासन ने आरोपियों पर मत्स्य और वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कठोर कार्यवाही शुरू कर दी है और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।

## होर्मुज पर 2 भारतीय जहाजों पर ईरान की फायरिंग

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट से कच्चा तेल और गैस लेकर भारत आ रहे दो जहाजों पर ईरान ने शनिवार दोपहर गोलीबारी कर दी। भारत आ रहे 14 जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट पार करने से ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड ने रोक दिया। फायरिंग के बाद 13 जहाज फारस की खाड़ी में अलग-अलग जगहों पर वापस लौट गए। एक जहाज में गोलियां भी लगी, जबकि एक जहाज स्ट्रेट पार करने में सफल रहा। भारत के विदेश मंत्रालय ने भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब करके विरोध जताया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि ईरान पहले भी भारतीय जहाजों को सुरक्षित रास्ता देता रहा है, जल्द ही जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू कराई जाए।



## 200 फीट गहरी खाई में गिरी बस,दो महिलाओं की मौत

**अजमेर।** अजमेर में सवारियों से भरी बस 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई। 31 लोग घायल हो गए। पुष्कर जा रही बस में 33 लोग सवार थे। वे पीसांगन (अजमेर) में मायरा भरने जा रहे थे। इस दौरान पुष्कर घाटी में बस बेकाबू हो गई। हादसा पुष्कर से करीब 3 किलोमीटर पहले रविवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। मौके से गुजर रहे लोगों ने कपड़ों से रस्सी बनाकर घायलों को खाई से बाहर निकाला। कुछ घायलों को सीढ़ियों के जरिए ऊपर सड़क पर लेकर आए। वहीं कुछ घायलों को कंधों पर उठाकर लाए। सभी यात्रियों को पहले पुष्कर के सरकारी अस्पताल लेकर गए। वहां से उन्हें अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। एक्सीडेंट के बाद पुष्कर घाटी में लंबा जाम लग गया।

## मुख्यमंत्री ने 58 करोड के 7 कार्यों की सौगात दी,सामुहिक विवाह में शामिल हुए

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन प्रवास पर आए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सिहस्थ 2028 की तैारी के अंतर्गत रविवार को प्रथम लोकार्पण कार्यक्रम में एक करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह का लोकार्पण किया । इस दौरान उन्होंने सामुहिक विवाह कार्यक्रमें में भाग लिया और लगभग 58 करोड रुपए के सात कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने हामूखेड़ी देवास रोड में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान 23 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर नव-विवाहित कन्याओं को दोपहिया वाहन (टू-व्हीलर) भी भेंट किए गए। वे नगर निगम के कार्तिक मेला मैदान में आयोजित 112 जोडे के मुख्यमंत्री विवाह एवं निकाह योजना के आयोजन में भी शामिल हुए।उन्होंने सर्किट हाउस पर भगवान श्री परशुराम जी की प्रतिमा का जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पूजन अर्चन कर आरती की। उन्हें ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों द्वारा भगवान परशुराम का चित्र और फरसा भेंट किया गया।

## महाकाल को 1250 किलो हापुस आम का महाभोग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



अक्षय तृतीया पर पुणे से आए कोलते परिवार ने ज्योतिर्लिंग बाबा महाकालेश्वर मंदिर में 22 लाख रुपए का महाभोग अर्पित किया। भोग में रत्नागिरी के हापुस आम और हिमालयी क्षेत्रों की शुद्ध केसर प्रमुख रूप से शामिल रही।

डॉ. कोलते ने परिवार के साथ बाबा महाकाल के चरणों में 1250 किलोग्राम हापुस आम और 1250 ग्राम शुद्ध केसर चढ़ाई। बताया कि वर्ष 2026 के प्राकृतिक रूप से पके इन प्रथम आमों को शुभ मुहूर्त में स्वर्ण वर्क और केसर से सजाकर नई चांदी की थालियों में अर्पित किया गया। शहर के अन्य प्रमुख देवस्थानों में भी भोग अर्पित किया। कालभैरव मंदिर, हरसिद्धि माता मंदिर, नवग्रह मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, गढ़कालिका माता मंदिर और विक्रांत भैरव मंदिर में प्रत्येक स्थान पर 125 किलो आम और 12 ग्राम केसर चढ़ाई गई।

### दैनिक अवंतिका की निष्पक्ष, सर्वहारा वर्ग की आवाज का दमन करने का षडयंत्र

# मनीषसिंह बोले- घोटाले छाप लो या विज्ञापन ले लो

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

किसानों की वाजिब एवं हक के साथ सर्वहारा वर्ग की आवाज निष्पक्ष रूप से रखने वाले दैनिक अवंतिका के दमन का षडयंत्र किया जा रहा है। समाचार पत्र ने लैंड पुलिंग योजना के विरुद्ध किसानों की आवाज बुलंद की थी,जिसे लेकर उसके एक वर्ष से विज्ञापन बंद कर दिए गए हैं। पिछले एक वर्ष से बंद विज्ञापनों के सिलसिले में जब जनसंपर्क आयुक्त से प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा की तो उनका कहना था कि सरकार के घोटाले छाप लो या विज्ञापन मांग लो,अब तो अखबार बंद करवाया जाएगा।

दैनिक अवंतिका अपनी निष्पक्षता के लिए 60 वर्ष से मालवा के जन-जन की आवाज बन चुका है। सर्वहारा वर्ग की आवाज उठाने में समाचार पत्र कभी पीछे नहीं रहा। किसानों की रोजी रोटी पर आए संकट के समय भी यही किया गया। किसानों की आवाज को दमन की नीति अपनाकर दबाने के प्रयास को विफल करते हुए अवंतिका ने इस मामले को मजबूत तरीके से एक वर्ष चले किसान संघर्ष समिति एवं किसान आंदोलन एवं दमन को आमजन के समक्ष शहर हित में रखा था। यही कारण रहा कि भारतीय किसान संघ ने सरकार के योजना वापस लेने के बाद रखे अपने कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी में दैनिक अवंतिका के तमाम प्रकाशनों को वजूद के साथ प्रदर्शित किया गया था। यही नहीं समय समय पर मध्यप्रदेश सरकार की नीतियों पर भी प्रहार किया गया। इसके चलते मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क संचालनालय ने दैनिक अवंतिका को जारी होने वाले विज्ञापनों को बंद कर दिया।

### प्रतिनिधि मंडल को आयुक्त का जवाब

करीब एक वर्ष पूर्व विज्ञापनों के आकस्मिक बंद किए जाने के मामले में दैनिक अवंतिका ने तत्कालीन आयुक्त के समक्ष आवेदन देकर इसकी जानकारी दी थी। उसके उपरांत आयुक्त तब्दील हुए उन्होंने भी उस पर कोई जवाब नहीं दिया। हाल ही में जनसंपर्क आयुक्त मनीष सिंह से बंद विज्ञापनों को लेकर जब प्रतिनिधि मंडल ने भोपाल जाकर जनसंपर्क कार्यालय में चर्चा की तो उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि घोटाले छाप लो या विज्ञापन ले लो,अब तो अखबार बंद करवाएंगे। अवंतिका ने अपने समाचारों में निंदक की भूमिका का निर्वहन किया है। समयानुकूल तथ्य परक एवं प्रमाणित समाचारों का ही प्रकाशन किया गया।

### पाठक षड्यंत्र को समझें

दैनिक अवंतिका के प्रतिनिधि के सम ?मुख सरकार के जनसंपर्क विभाग के मुखिया ने सीधे तौर पर उनकी मंशा को व्यक्त किया है। इससे साफ हो रहा है कि षडयंत्र के तहत मालवांचल के निष्पक्ष एवं सर्वहारा वर्ग की आवाज बन चुके समाचार पत्र के दमन की तैयारी की जा रही है।

### महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

## चक्रतीर्थ पर नागरिकों की सुविधा हेतु वाटरप्रूफ डोम व पंखों की व्यवस्था



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा विभिन्न विकास कार्य कराए गए हैं। महापौर मुकेश टटवाल की मंशा अनुरूप यहां लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कार्य पूर्ण किए गए हैं, वहीं नीचे के घाटों पर करीब 30 लाख रुपये की लागत से मरम्मत कार्य भी कराए जाएंगे।

शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों के साथ चक्रतीर्थ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नागरिकों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से यहां वाटरप्रूफ डोम बनाए गए हैं तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए पंखों की व्यवस्था कर उन्हें चालू भी कराया गया है।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि छोटे-छोटे मरम्मत कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए। इनमें रंगाई-पुताई, साफ-सफाई, फाउंटेन को चालू करना, प्लांटेशन, छायादार पौधों का रोपण तथा ओटलों की मार्किंग जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चक्रतीर्थ पर आने वाले नागरिकों को सभी सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध हों, यह सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिकता है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, कैलाश प्रजापत, अपर आयुक्त संदीप शिवा, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, प्र. कार्यपालन यंत्री दीपक शर्मा, जोनल अधिकारी श्याम शर्मा तथा स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंदिरा ज्योति यात्रा उज्जैन पहुंची, रामराज्य संकल्प अभियान को मिला विस्तार

### चार वर्षीय अभियान के तहत तीन राज्यों में जन-जागरण, 31 मई को सागर में होगा प्रथम चरण का समापन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सम्यक अभियान के अंतर्गत संचालित इंदिरा ज्योति यात्रा रविवार को उज्जैन पहुंची, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यों, विचारों और निर्णयों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही ह्वचलें रामराज्य की ओरह्व संकल्प यात्रा के जरिए महात्मा गांधी की रामराज्य की अवधारणा को धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है।

अभियान के प्रमुख भास्कर राव रोकड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जुलाई 2024 को केंद्र सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किए जाने के बाद इंदिरा गांधी के खिलाफ फैलाए जा रहे दुष्प्रचार का जवाब देने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के योगदान को सही रूप में जनता तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है।

रोकड़े ने बताया कि 19 नवंबर 2024 को ग्वालियर में इंदिरा गांधी की जयंती को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए चार वर्षीय इंदिरा ज्योति अभियान की शुरूआत की गई। इसके अंतर्गत 108वें जयंती वर्ष को ह्वसृजन वर्षह्व के रूप में मनाते हुए 108 कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका समापन भोपाल में राष्ट्रीय स्तर के समारोह के साथ हुआ।

उन्होंने बताया कि 6 जनवरी 2026 को छिंदवाड़ा से इंदिरा ज्योति यात्रा की शुरूआत की गई, जो विभिन्न जिलों से होकर अब उज्जैन पहुंची है। आगे यह यात्रा मालवा-निमाड़ और चंबल क्षेत्र के जिलों में जाएगी। अभियान का उद्देश्य हर घर तक इंदिरा गांधी के विचारों को पहुंचाना है।

इसी दौरान ह्वचलें रामराज्य की ओरह्व अभियान की भी शुरूआत की गई, जिसका उद्देश्य समाज में समरसता और गांधीवादी मूल्यों को बढ़ावा देना है। इस अभियान का शुभारंभ भोपाल में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में किया गया था। प्रदेश स्तर पर अभियान के संचालन हेतु कांग्रेस की 11 सदस्यीय आयोजन समिति गठित की गई है। उज्जैन में जिला आयोजन समिति का गठन विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में किया गया है। जिले में सम्यक अभियान के जिला समन्वयक एडवोकेट राजेंद्र सिंह सोलंकी, महिला संगठन की जिला समन्वयक माया मालवीय एवं शहर समन्वयक रजिया मोहम्मद को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अभियान के प्रथम चरण का समापन 31 मई को सागर में होगा, जिसके बाद जिला स्तर पर यात्राएं प्रारंभ की जाएंगी।

# 10वीं-12वीं में 34 सरकारी स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

## पिछले वर्ष 10वीं में 24 और 12वीं में 5 स्कूलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा था

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

माध्यमिक शिक्षा मंडल के 10वीं और 12वीं कक्षा के रिजल्ट घोषित होने के बाद अब जिले के सभी शासकीय स्कूलों के रिजल्ट की समीक्षा की जा रही है। इस वर्ष 10वीं कक्षा में 28 स्कूलों का रिजल्ट 100 फीसदी रहा, जबकि बीते वर्ष शत-प्रतिशत रिजल्ट देने वाले स्कूलों का आंकड़ा 24 था। वहीं 12वीं कक्षा में इस वर्ष 6 स्कूलों का रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वर्ष 5 स्कूलों ने शत-प्रतिशत रिजल्ट दिया था।

जिले के कुल शासकीय स्कूलों के आंकड़ों की गणना की जाए तो 10वीं कक्षा में कुल 201 शासकीय स्कूलों में 8849 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 7517 विद्यार्थी नियमित विद्यार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें से 6207 विद्यार्थी पास हुए और 1065 अनुत्तीर्ण रहे। औसत रिजल्ट 83.07 प्रतिशत रहा। 4483 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 1341 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी और 24 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 10वीं में 11 शासकीय स्कूलों का रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम रहा। वहीं 12वीं कक्षा में 103 शासकीय स्कूलों में 6586 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 6110 विद्यार्थी नियमित परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित हुए। इनमें से 5267 विद्यार्थी पास हुए और 734 अनुत्तीर्ण रहे। औसत रिजल्ट 86.23 प्रतिशत रहा। 4137 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 1019 द्वितीय श्रेणी और 4 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में पास हुए। कक्षा 12वीं में इस वर्ष केवल एक स्कूल ऐसा रहा, जिसका रिजल्ट 50 प्रतिशत से कम रहा, जबकि बीते वर्ष ऐसे 50 फीसदी से कम रिजल्ट देने वाले स्कूलों की संख्या 4 थी। कक्षा 10वीं में जिले के तीन शासकीय स्कूल ऐसे रहे, जिनका रिजल्ट 31 प्रतिशत से भी कम रहा। जिले में सबसे कमजोर रिजल्ट खाचरौद विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल पासलोद का रहा। स्कूल के 15 में से केवल 4 बच्चे पास हुए और औसत रिजल्ट केवल 26.67 प्रतिशत रहा। खाचरौद विकासखंड के ही शासकीय हाई स्कूल कमठाना का रिजल्ट 27.27 प्रतिशत रहा और स्कूल के 11 में से केवल 3 बच्चे ही पास हुए। उज्जैन (शहर) विकासखंड के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धानमंडी का रिजल्ट 30.77 प्रतिशत रहा।

उज्जैन
सोमवार
20
अप्रैल, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।
अर्थः अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

## खबर एक नजर...

### इंदौर का एबी रोड बीआरटीएस से मुक्तः बस स्टॉप-रेलिंग हटे; बारिश से पहले सफाई के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एबी रोड को बीआरटीएस से मुक्त कर दिया गया है। रविवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने अधिकारियों के साथ मौके का निरीक्षण किया और स्टॉर्म वॉटर लाइन व चेंबरों की सफाई के निर्देश दिए, ताकि बारिश में जलभराव की समस्या न हो।

नगर निगम ने 11.5 किमी लंबे बीआरटीएस कॉरिडोर से 17 बस स्टॉप और दोनों ओर की रेलिंग हटा दी है। चिड़ियाघर के पास सुरक्षा कारणों से 50 मीटर रेलिंग फिलहाल नहीं हटाई गई है, जबकि दो बस स्टॉप का मलबा एलिवेटेड कॉरिडोर की बैरिकेडिंग के भीतर होने से हटाया जाना बाकी है। शेष हिस्सों में काम पूरा कर लिया गया है और हटाए गए हिस्सों पर समानांतर रूप से डामर पैचवर्क किया गया है। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने कुछ स्थानों पर सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेडिंग और गहन सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने विजय नगर से एलआईजी तक स्टॉर्म वॉटर लाइन की स्थिति का जायजा लिया और हर चेंबर पर इनलेट चेंबर बनाने व डीप सफाई सुनिश्चित करने को कहा। कुछ जगहों पर क्रॉस कनेक्शन नहीं होने से ब्लॉकिज पाया गया, जिसे तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। साथ ही बारिश से पहले सभी चेंबर और पाइपलाइनों की पूरी तरह सफाई कराने को कहा गया, ताकि एबी रोड पर जलभराव की स्थिति न बने। इस दौरान अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री शैलेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### दुकानों के रजिस्ट्रेशन में श्रम विभाग ने पकड़ी गड़बड़ी

**इंदौर .** मध्य प्रदेश में पिछले साल 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर शुरू की गई दुकान एवं स्थापना पंजीयन की ऑटो-अप्रूवल व्यवस्था अब जालसाजों के लिए वरदान साबित होने लगी है। एमपी के श्रम विभाग द्वारा की गई औचक जांच में एक बड़ा खुलासा हुआ है, जिसमें सामने आया है कि कई लोगों ने फर्जी और अधूरे दस्तावेजों के दम पर आसानी से पंजीयन हासिल कर लिए हैं। इस खुलासे के बाद से विभाग में हड़कंप मच गया है। श्रम आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, बीते वर्ष 12 सितंबर 2025 से दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के तहत पंजीकरण प्रक्रिया को पूर्णतः स्वचालित (ऑटो-अप्रूवल) कर दिया गया था, ताकि आवेदकों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। हालांकि, इस व्यवस्था का लाभ उठाकर कई आवेदकों ने सिस्टम को चकमा दे दिया। विभाग की रैण्डम जांच में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। जिनमें आवेदन अधूरे थे, हस्ताक्षरित नहीं थे या दुकान के फोटो ही नहीं थे। चौंकाने वाली बात यह है कि कई आवेदकों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए एडिटेड फोटो लगाए और गलत पतों का उपयोग किया।

# 8 साल के बेटे के सामने पिता की हत्या, इंदौर में आरोपियों ने दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मारे; खून से लथपथ जान बचाने भागता रहा

### आरोपी बोले थे- स्टैंड ठीक कर लो, नहीं तो मर जाओगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में रविवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने 8 साल के बेटे के सामने कई वार किए। दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मारे। जान बचाकर भागते युवक का उउळ्ए फुटेज भी सामने आया है। मामला हीरानगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान सुरेंद्र साहू के रूप में की गई है, जो जाम नगर का रहने वाला था। सुरेंद्र किराना की दुकान में काम करता था। सुरेंद्र अपने साढू की शादी की सालगिरह में शामिल होने आया था।

स्थानीय चंद्रशेखर पटेल ने बताया, शाम करीब साढ़े 6 बजे चौराहे पर 2 युवक खड़े थे। इसी दौरान सुरेंद्र साहू वहां से गुजर रहा था, तभी चौराहे पर खड़े युवकों ने कहा कि बाइक का स्टैंड ठीक कर लो, नहीं तो मर जाओगे। इस पर सुरेंद्र ने जवाब दिया कि यह उनकी बाइक है। वे जैसे चाहें वैसे चलाएंगे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने सुरेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपने अन्य साथियों को भी मौके पर बुला लिया, जिससे स्थिति और बिगड़ गई और हमला जानलेवा बन गया।



### 2 से 3 बार चाकू से वार किए

विवाद बढ़ते ही आरोपी विवेक और उसके साथियों ने सुरेंद्र पर हमला कर दिया। उस पर 2 से 3 बार चाकू से वार किए। इस दौरान सुरेंद्र का साढ़ू दीपक भी मौके पर मौजूद था। जान बचाने के लिए सुरेंद्र मौके से भागा, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने बताया- सुरेंद्र तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके परिवार में 12 साल की एक बेटी और 8 साल का बेटा है। वह पिछले करीब 20 साल से जाम नगर क्षेत्र में रह रहा था। परिजनों ने बताया कि वह सियागंज में एक दुकान पर नौकरी करता था। परिवार पहले ही एक बड़ी त्रासदी झेल चुका है। सुरेंद्र के बड़े भाई की पहले छत से गिरने से मौत हो चुकी है। अब परिवार में केवल सबसे बड़े भाई ही बचे हैं। इस घटना के बाद परिवार पर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### युवक ने अस्पताल में तोड़ा दम



टीआई सुशील पटेल ने बताया- रविवार शाम करीब 7 बजे की वारदात है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार को शव परिजन को सौंपा जाएगा।

### 3 बालिग और 3 नाबालिगों ने मारा

पुलिस ने बताया- वारदात में 6 आरोपी शामिल हैं। इनमें 3 बालिग और 3 नाबालिग शामिल हैं। मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। कुछ उउळ्ए फुटेज भी पुलिस को मौके से मिले हैं।

# अक्षय तृतीयाः कच्ची उम्र में फेरे, एक साल में 27 हजार बाल विवाह तो मंडप में रुकवाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

14 अप्रैल को महिला बाल विकास विभाग को सूचना मिली कि राजगढ़ जिले के कुशलपुरा में एक बच्चे की शादी की तैयारी है। टीम पहुंची तो लोगों ने एक युवक को हल्दी लगाकर बैठा दिया और कहा कि ये दूल्हा है। विरोध के चलते टीम वापस आ गई।

इसके बाद बारात देवाखेड़ी पहुंची और 8 साल की बच्ची के साथ 10 साल के लड़के के फेरे हो गए। 15 को विदाई के बाद प्रशासन को सूचना मिली। तब मामला दर्ज किया गया। ये अकेला केस नहीं है। राजगढ़ जिले में मार्च से अगस्त 2025 के बीच बाल विवाह के 75 केस



तब सामने आए जब ये वधुएं प्रसव के लिए जिला अस्पताल पहुंचीं। सामाजिक संस्था ह्यजस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन्ह के अनुसार, पिछले एक साल में उन्होंने प्रशासन के साथ मिलकर 41 जिलों में 27,114 बाल विवाह आखिरी वक्त में रुकवाए हैं। संस्था के राष्ट्रीय संयोजक रविकांत कहते हैं, इस पर अंकुश के लिए अधिकारियों को जवाबदेह बनाना होगा। लोगों की जागरूकता से ही बाल विवाह रुके हैं। अक्षय तृतीया पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा टीम गठित की गई है। जागरूक नागरिक 112 या परियोजना अधिकारी, कार्यकर्ताओं को इसकी सूचना दे सकते हैं।

# इंदौर में पुलिस चौकी में युवक ने किया सुसाइड, चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बाणगंगा क्षेत्र में चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, पूछताछ के दौरान युवक ने कथित रूप से फिनाइल/टॉयलेट क्लीनर पी लिया, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस के मुताबिक, 18 अप्रैल 2026 की शाम मुखबिर की सूचना पर रामजी पिता रमेशचंद्र झा, निवासी बाणगंगा को एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ के दौरान वह अपने पास मिली बाइक के संबंध में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं दे सका। इसके बाद उसे पुलिस चौकी लाकर पूछताछ की गई।

19 अप्रैल को पूछताछ के दौरान युवक ने स्वीकार किया कि उसके पास से मिली मोटरसाइकिल चोरी की है। इसी दौरान उसने प्यास लगने की बात कही। पानी पीने के बाद वह वापस बैठ गया, लेकिन कुछ समय बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और उसे उल्टियां होने लगीं।

पूछने पर उसने बताया कि पानी पीते समय डर के कारण उसने वॉशरूम में रखा फिनाइल/टॉयलेट क्लीनर पी लिया है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर उसे एम.वाय. अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### इंदौर में दृष्टिहीन महिला के नाम से फर्जी रजिस्ट्री

# डेढ़ करोड़ के प्लॉट पर कब्जे की साजिश, फर्जी वकील ने रचा खेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के द्वारकापुरी इलाके में करीब डेढ़ करोड़ रुपए के भूखंड पर कब्जा करने की सुनियोजित साजिश का खुलासा हुआ है। इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड खुद को वकील बताने वाला एक युवक निकला, जिसने फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक ऑटो चालक को प्लॉट का मालिक बना दिया। पुलिस जांच आगे बढ़ी तो मामले में और चौंकाने वाले खुलासे हुए।

ऋषि नगर निवासी सौरभ राठौर के मुताबिक, उक्त भूखंड पर पिछले 25 वर्षों से उनके तीन मकान बने थे, जिनसे उन्हें किराया मिलता था। हाल ही में उन्होंने एक बिल्डर के साथ मिलकर निर्माण कार्य शुरू कराया। इसी दौरान राजेंद्र राठौर नाम का व्यक्ति फर्जी दस्तावेज लेकर पहुंचा और खुद को प्लॉट का मालिक बताने लगा।

शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी राजेंद्र ने प्रेम प्रजापत, तब्बू उर्फ तबरेज और शहनवाज बी के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। इन दस्तावेजों के आधार पर निर्माण कार्य रुकवाया गया और सौरभ से लाखों रुपए की मांग की गई। इतना ही नहीं, झूठे केस में गंभीर धाराओं में फंसाने की धमकी भी दी गई।

द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने बताया कि मामले में राजेंद्र राठौर और प्रेम प्रजापत के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया है। प्रेम खुद को वकील बताता था, जबकि वह केवल 10वीं तक पढ़ा है और वकीलों की वेशभूषा में लोगों से मिलता-जुलता था। राजेंद्र ई-रिक्शा चालक है, जिसे प्लॉट का फर्जी मालिक बनाया गया। प्रेम के पक्ष मे बयान देने वाले सरबजीत के मामले मे भी द्वारकापुरी जांच कर रही है। जांच में सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब पुलिस शहनवाज बी तक पहुंची। वह दृष्टिहीन महिला है, जो बेहद खराब हालात में जीवन गुजार रही है। उसके बेटे ने बताया कि तबरेज नाम का युवक 20 हजार रुपए देकर कागजों पर हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान ले गया था। महिला को यह तक पता नहीं था कि उसके नाम से प्लॉट के दस्तावेज तैयार कर लिए गए हैं। पुलिस ने उसे सरकारी गवाह बनाया है।

पूछताछ में सामने आया कि तबरेज ही इस गिरोह को फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराता था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। वह अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट पहुंचा, लेकिन आपत्ति के बाद उसकी याचिका खारिज हो गई। उसके साले नौशाद की भूमिका भी जांच के दायरे में है।

पुलिस के अनुसार, इस साजिश में तबरेज के साले नौशाद सहित कॉलोनी से जुड़े कुछ अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आई है। जल्द ही उनकी गिरफ्तारी की कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## खबर एक नजर...

### पंच कुंडीय यज्ञ और हवन के साथ मनेगा भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव

**उज्जैन।** श्री चित्रगुप्त मंदिर सार्वजनिक न्यास ट्रस्ट द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव इस वर्ष भी विशेष धूमधाम से मनाया जाएगा। आगामी 23 अप्रैल को गंगा सप्तमी के अवसर पर चित्रगुप्त धाम मंदिर, अंकपात में पंच कुंडीय यज्ञ, हवन और पूजन के साथ भव्य आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में रूपरेखा तय करने के लिए मंदिर परिसर में ट्रस्ट की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय मंत्री अमित श्रीवास्तव ने की। उन्होंने बताया कि गंगा सप्तमी की सुबह पांच पवित्र नदियों के जल और मंत्रोच्चार के साथ भगवान चित्रगुप्त जी का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराकर कायस्थ परिवारों द्वारा घरों से बनाकर लाए गए नैवेद्य का भोग लगाया जाएगा।

प्रकटोत्सव के विशेष आयोजन के तहत विशाल पंच कुण्डीय यज्ञ होगा। इसमें वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान के साथ 101 जोड़े हवन करेंगे और इसके बाद महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

### क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज का सामूहिक विवाह समारोह आज

उज्जैन। फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाते हुए सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने की दिशा में क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज की एक सराहनीय पहल सामने आई है। आज 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर समाज का भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस मांगलिक आयोजन में समाज के 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर नए जीवन की शुरूआत करेंगे।

आदर्श सामूहिक विवाह समिति के सचिव मनोहर गेहलोत ने बताया कि इस आयोजन के संयोजक हिम्मत बागड़ी, अध्यक्ष विष्णुकुमार सांखला और क्षत्रीय मारवाड़ी माली समाज अध्यक्ष मोती भाटी के मार्गदर्शन में पूरा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। आज भव्य चल समारोह एवं गंगाजल कलश यात्रा का आयोजन होगा।

### आत्म परिष्कार मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि : जोशी

# भैरवगढ़ केंद्रीय जेल में दो वर्षीय अभिनव व्यक्तित्व परिष्कार शिविर का समापन, बंदियों ने लिया बुराई त्यागने का संकल्प





ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

केंद्रीय कारागार भैरवगढ़ में मध्य प्रदेश शासन और अखिल विश्व गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में संचालित दो वर्षीय 'अभिनव व्यक्तित्व परिष्कार शिविर' का पंच कुण्डीय यज्ञ के साथ समापन हुआ।

समापन अवसर पर आयोजित यज्ञ में मुख्य वक्ता श्यामलाल जोशी ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्म परिष्कार ही मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। जब तक मनुष्य दूसरों पर आश्रित रहकर यह सोचता है कि कोई और उसके कष्ट दूर करेगा, तब तक वह बहुत बड़े भ्रम में है। हमारी उलझनें और दुख हमारी अपनी त्रुटियों का ही परिणाम हैं। इन त्रुटियों को त्याग कर हम स्वयं ही अपनी समस्याएं सुलझा सकते हैं।

यज्ञ में बड़ी संख्या में बंदियों ने उत्साहपूर्वक गायत्री मंत्र के साथ आहुतियां दीं। इस दौरान छह बंदियों ने गायत्री मंत्र के माध्यम से गुरु दीक्षा ग्रहण कर यज्ञोपवीत धारण किया। पूर्णाहुति पर दक्षिणा स्वरूप सभी बंदियों ने अपनी एक बुराई को त्यागने और एक अच्छी आदत को अपनाने का संकल्प लिया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पिछले दो वर्षों से प्रतिमाह 10 दिनों के लिए जेल में यह व्यक्तित्व परिष्कार शिविर आयोजित किया जा रहा था। शिविर के माध्यम से बंदियों को तनावमुक्त करने और भविष्य की संभावनाओं से जोड़ने के लिए नियमित रूप से योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित साहित्य से व्यक्तित्व परिष्कार के विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया तथा प्रेरणादायक प्रज्ञा गीतों का संगीतमय अभ्यास भी कराया गया। जेल अधीक्षक मनोज साहू ने बताया कि शिविर में भागीदारी करने वाले बंदियों के गुण, कर्म और स्वभाव में स्पष्ट सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। शिविर के नोडल अधिकारी सुरेश गोयल ने गायत्री परिवार के परिजनों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि मानवता के प्रति ऐसा समर्पण अद्वितीय है। बीते दो वर्षों में शिविर के सफल संचालन में जेल अधीक्षक मनोज साहू, जसवंत सिंह डाबर, सुरेश गोयल सहित पूरे जेल प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा।

# परशुराम जन्मोत्सव पर हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज ने की महाआरती

### हारितेश्वर महादेव मंदिर में क्षिप्रा जल व पंचामृत से अभिषेक कर बांटी मिठाइयां

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर हरियाणा गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा नगरकोट धर्मशाला स्थित हारितेश्वर महादेव मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। पश्चात महाआरती कर प्रसाद स्वरूप मिठाइयां बांटी गई।

यह आयोजन अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. घनश्याम शर्मा कालवानिया के मुख्य आतिथ्य और उज्जैन समाज के अध्यक्ष वरुण शर्मा सिंगवाडीया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समाज के युवा संगठन प्रमुख सुदर्शन शर्मा ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर में स्थापित प्रतिमा का सर्वप्रथम मां क्षिप्रा के जल, पंचामृत और दूध से अभिषेक किया गया। इसके बाद पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई।

इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रो. डॉ. केशवमनी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन शर्मा, देवेश्वर शर्मा, मनोज शर्मा, अनुज शर्मा, गोपाल शर्मा और भगत शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# अक्षय तृतीया पर श्री महाकालेश्वर को लगाया 22 लाख रुपए का महाभोग

### रउज्जैन के अन्य छह प्रमुख मंदिरों में भी चढ़ाया गया 750 किलो आम और केसर का भोग पुणे के परिवार ने अर्पित किए 1250 किलो हापुस आम और 1250 ग्राम केसर




ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर महाराष्ट्र के पुणे से आए कोलते परिवार ने ज्योतिर्लिंग श्री बाबा महाकालेश्वर जी को 22 लाख का भव्य महाभोग अर्पित किया है। इस महाभोग में मुख्य रूप से रत्नागिरी के प्रसिद्ध हापुस आम और हिमालय की घाटियों की शुद्ध केसर शामिल रही।

डॉ. सागर कोलते और उनके परिवार ने बाबा महाकाल के चरणों में 1250 किलोग्राम हापुस आम और 1250 ग्राम शुद्ध केसर अर्पित की। वर्ष 2026 के इस प्रथम प्राकृतिक रूप से पके आमों को शुभ मुहूर्त में स्वर्ण वर्क और शुद्ध केसर से सजाकर नई चांदी की थालियों के साथ भगवान को चढ़ाया गया। चांदी की थालियां, 1250 ग्राम केसर और आमों को विधिवत रूप से मंदिर में ही जमा करवा दिया गया। श्री महाकालेश्वर के अलावा उज्जैन के अन्य प्रमुख देवस्थानों पर भी कोलते परिवार द्वारा भोग अर्पित किया गया। श्री कालभैरव मंदिर, श्री हरसिद्धि माता मंदिर, श्री नवग्रह मंदिर, श्री मंगलनाथ मंदिर, श्री गढ़कालिका माता मंदिर और प्रत्येक स्थान पर 125 किलोग्राम आम और 12 ग्राम केसर चढ़ाई गई। इस प्रकार इन सभी मंदिरों में कुल 750 किलोग्राम हापुस आम और 72 ग्राम शुद्ध केसर का भोग लगाया गया।

### अहमदाबाद से लाइव जुड़े मुनिश्री प्रणुत सागर, 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक, विधायक सहित कई गणमान्य रहे उपस्थित

# दर्शनगिरी तीर्थ पर 14 वर्षों बाद भगवान महावीर का महामस्तकाभिषेक

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

मक्सी रोड स्थित श्री दिगंबर जैन दर्शनगिरी तीर्थ पर अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर रविवार को भगवान महावीर का भव्य महामस्तकाभिषेक अत्यंत श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। लगभग 14 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित इस मंगलमय अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि इस तीर्थ की स्थापना समाधिस्थ आचार्य श्री दर्शन सागर जी महाराज की प्रेरणा व आशीर्वाद से हुई थी, किंतु मार्ग अनुकूल



न होने के कारण लंबे समय तक तीर्थ का विकास अवरुद्ध रहा।

वर्ष 2025 में मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज के उज्जैन चातुर्मास के दौरान उनके मार्गदर्शन में नए ट्रस्ट का गठन किया गया। इसके बाद ट्रस्ट द्वारा मार्ग क्रय कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, जिसके फलस्वरूप महामस्तकाभिषेक के रूप में यह प्रथम भव्य आयोजन संभव हो सका।

वर्तमान में अहमदाबाद में विराजमान मुनि श्री प्रणुत सागर जी महाराज कार्यक्रम में लाइव माध्यम से जुड़े। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि दर्शनगिरी तीर्थ का विकास कार्य भले ही कुछ विलंब से प्रारंभ हुआ है, किंतु यह तीर्थ केवल उज्जैन ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत में एक भव्य एवं आकर्षक आस्था केंद्र के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने दर्शनगिरी ट्रस्ट एवं उज्जैन जैन समाज को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा उपस्थित रहे। अतिथियों में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, राष्ट्रीय परामर्शदाता अमित कासलीवाल एवं आशीष जैन सूतवाला, इंदौर के समाजसेवी नरेंद्र वेद, सुसनेर के प्रेमचंद जैन तथा राजमल जैन खूपवाला शामिल रहे। दर्शनगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष अश्विन कासलीवाल, सचिव नीरज सोगानी, कोषाध्यक्ष चेतन राणा, उपाध्यक्ष अभिषेक विनायका व गौरव लुहाड़िया, सह सचिव हितेश जैन परम, सह कोषाध्यक्ष अंतिम जैन एवं ट्रस्टी लविश जैन ने मंचासीन अतिथियों और समाजजनों का स्वागत किया।

महामस्तकाभिषेक में प्रथम कलश करने का सौभाग्य अश्विन, रुचि व हर्षिल कासलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। द्वितीय कलश भरत पांड्या परिवार तथा तृतीय कलश अशोक जैन कांट्रेक्टर परिवार द्वारा संपन्न हुआ। शांतिधारा प्रथम विजेंद्र कुमार जैन सुपारीवाला परिवार एवं द्वितीय दिलीप व निखिल विनायका परिवार द्वारा की गई।

## खबर एक नजर...

### अवैध देशी शराब के साथ हिरासत में आया युवक

उज्जैन। शनिवार रात में सर्कल भ्रमण के दौरान पुलिस ने अवैध देशी शराब के साथ युवक को हिरासत में लिया। उसके पास से 27 हजार की शराब बरामद होने पर धारा 34 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। एएसआई श्रवण भदौरिया ने बताया कि भ्रमण के दौरान सूचना मिली थी कि सांवराखेड़ी मार्ग पर एक युवक 2 झोले में अवैध शराब लेकर खड़ा है। उसे किसी का इंतजार है। सूचना पर भ्रमण टीम सांवराखेड़ी मार्ग पर पहुंची, पुलिस वाहन देख युवक ने झोले छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पीछा कर पकड़ लिया गया। झोलों से देशी शराब के 300 क्वार्टर बरामद होने पर पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम प्रदीप पिता दुगार्लाल बनेल निवासी कुष्ठधाम बस्ती हामूखेड़ी होना बताया। प्रदीप का कहना था कि उसे शराब एक युवक ने दी थी, जिसे चेहरे से पहचानता है। उसे सांवराखेडी मार्ग पर एक व्यक्ति के आने पर उसे देने के लिये कहा था। एएसआई भदौरिया के अनुसार रविवार दोपहर युवक को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### दर्शन करने आये युवक की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत

उज्जैन। महाराष्ट्र से 10 लोगों को दल शुक्रवार को महाकाल दर्शन करने उज्जैन आया था। शनिवार को दल में शामिल अनिल पिता विष्णु रामानय 45 साल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां शनिवार-रविवार रात मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल लाई गई। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद अनिल का शव महाराष्ट्र ले जाया गया है। एक अन्य मामले में 60 साल के बाबू नामक वृद्ध को तबीयत बिगड़ने के बाद 15 अप्रैल को चरक अस्पताल में ग्राम गनावा के चौकीदार ने भर्ती कराया था। रविवार तड़के वृद्ध की मौत हो गई। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों की तलाश की सूचना दी। मृतक ग्राम गनावा का रहने वाला था अकेला रहता था। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बताया जा रहा है कि बीमारी के चलते उसकी मौत हुई है।

### बस में नेपाल के युवक को आया सायलेंट अटैक

उज्जैन। तराना के ग्राम कनासिया स्थित रेस्टोरेंट के सामने रूकी बस में सवार नेपाल के युवक दिल बहादूर पिता तिनकरामा राऊत 31 साल सीट से नहीं उठ पाया। उसे तराना के शासकीय अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सायलेंट अटैक की आशंका जताई। मृतक युवक को उज्जैन चरक अस्पताल भेजा गया। रविवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान उसके साथियों ने बताया कि नेपाल से मिनी बस में 20 लोग गोवा जाने के लिये निकले थे। रेस्टोरेंट पर बस चाय नाश्ता करने के लिये रोकी थी, इस दौरान दिल बहादूर को उठाया तो वह नहीं उठा था। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव नेपाल ले जाया गया है। संदिग्ध मौत का एक मामला ग्राम ढाबालादूता से भी सामने आया।

#### उधार रुपए लौटाने के लिये बुलाया था, विवाद होने पर किया हमला

# दिनदहाड़े उज्जैन के सिद्धवट के पास सुरक्षा गार्ड की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सुरक्षा गार्ड का काम करने वाले युवक की रविवार दोपहर हत्या कर दी गई। मामला उधार रुपए लौटाने के दौरान हुए विवाद का होना सामने आया है। मामले में पति-पत्नी और पुत्र की तलाश शुरू की गई। देर शाम महिला को हिरासत में ले लिया गया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के अनंत नगर में रहने वाला राम पिता अशोक कुमावत 40 साल वाहन शोरूम पर सुरक्षा गार्ड का काम करता था। दोपहर 1 बजे भैरवगढ़ क्षेत्र के सिद्धवट मंदिर के पास भदेड़ मोहल्ले में राम की लोहे की रॉड से हमला कर हत्या कर दी गई। खबर मिलते ही राम का भाई बंटी कुमावत और मां कुसुमबाई घटनास्थल पहुंचे। भाई ने बताया कि हत्या रामेश्वर मालवीय, उसकी पत्नी प्रेमलता उर्फ भूरी और पुत्र दुर्गेश द्वारा की गई है। उसका कहना था कि प्रेमलता ने मां कुसुम को कॉल किया था और बताया कि पति रामेश्वर से राम का विवाद हो गया है, जल्द आ जाओं। बंटी का कहना था कि रामेश्वर ने 50 हजार रुपए राम से उधार लिये थे। सुबह 10 बजे रामेश्वर ने कॉल किया था और राम को रुपए लौटाने के लिये बुलाया था। राम बाइक से भैरवगढ़ जाने के लिये निकला था। प्रेमलता का कॉल आने पर पहुंचे तो तीनों भाग निकले राम खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा था। मामले में एसआई शोभाराम किरार ने बताया कि बंटी कुमावत की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल रामेश्वर के घर के सामने का है। मृतक की बाइक भी वहां खड़ी मिली है। हत्या में शामिल पति-पत्नी और पुत्र की तलाश शुरू की गई और देर शाम प्रेमलता को हिरासत में ले लिया गया। जिससे पूछताछ कर पति और पुत्र की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंपा गया है।



### मृतक के घर काम करती थी प्रेमलता

मृतक के भाई बंटी ने बताया कि प्रेमलता कुछ सालों से उनके घर साफ-सफाई का काम करने आती थी। इसी दौरान उसके पति से रामेश्वर से राम का परिचय हुआ था और उसने रुपए उधार दिये थे। रामेश्वर ने उधार लिये रुपए लौटाने के लिये बुलाया था, विवाद होने पर उसने पुत्र और पत्नी के साथ मिलकर हत्या कर दी। थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रतापसिंह के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। रामेश्वर, उसकी पत्नी और पुत्र के गिरफ्त में आने पर सामने आ पायेगा कि विवाद किसी बात को लेकर हुआ था। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण रूपयों का विवाद होना सामने आया है।

### 19 दिन में उज्जैन जिले में पांच हत्या

जिले में अप्रैल माह के 19 दिन में पांच हत्या के मामले सामने आ चुके है। सभी हत्या के पीछे मामूली विवाद की वजह सामने आई है। सबसे पहले 1-2 अप्रैल की रात लिफ्ट मांगने की बात पर हुए विवाद में आरिफ उर्फ भूरू निवासी बेगमबाग कालोनी की आगररोड पर हत्या कर दी गई थी। 5 अप्रैल को चिमनगंज उद्योगपुरी में के.के. उर्फ केवल श्रीवास्तव की दोस्त ने शराब पीने के दौरान हुए विवाद में सीने में चाकू घोंपकर हत्या की थी। 6-7 अप्रैल को माकडोन में ढाबे पर खाना खाने की बात पर हुए विवाद में लखन नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। 11 अप्रैल को महिदपुर में बालाराम गुजराती की हत्या का मामला सामने आया था। बालाराम का चाकू से गला रेता गया था।

### कुख्यात बदमाश पर एक माह बाद दर्ज हुआ केस

उज्जैन। नगर निगम के पीछे मजार का अवैध अतिक्रमण 26 मार्च को निगम की रिमूव्हल गैंग पहुंची थी। उस दौरान कुख्यात बदमाश छैनू पिता बाबू डबल ने अतिक्रमण गैंग के साथ सदस्यों को धमकाया था और मजार का अतिक्रमण हटाने से रोकने का प्रयास किया था। निगम की ओर से मामले की शिकायत आवेदन के माध्यम से कोतवाली थाना पुलिस को दर्ज कराई गई थी। एक माह बाद पुलिस ने छैनू के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया है।

### शोर मचाने पर 3 युवकों के साथ मारपीट

उज्जैन। राजेन्द्र नगर गली नम्बर 1 से रात में क्षेत्र का रहने वाला आदित्य पिता गजेन्द्रसिंह कनेल 23 साल अपने दोस्त दिपांशु बडोले और विनायक शर्मा निवासी इंदिरानगर के साथ निकल रहा था। तभी वहां रहने वाले गुड्डू तोमर ने उन्हे रोका और शोर मचाकर निकलने की बात पर विवाद शुरू कर दिया।

# क्षिप्रा नदी से मिली छलांग लगाने वाले युवक की लाश



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

क्षिप्रा नदी में शनिवार शाम युवक ने छलांग लगा दी थी, तलाशी अभियान में रविवार दोपहर उसका शव बाहर निकाल लिया गया। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर दफना दिया है।

महाकाल थाना एसआई जितेन्द्र झाला ने बताया कि शनिवार शाम एक वृद्ध महिला ने सूचना देकर बताया था कि भूखी माता घाट पर एक युवक क्षिप्रा नदी में कूदा है। सूचना पर पुलिस पहुंची थी और युवक की तलाश के लिये एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया था। देर शाम तक युवक का पता नहीं चल पाया था। रविवार सुबह दोबारा तलाशी अभियान शुरू किया गया। दोपहर में 12 बजे के लगभग युवक का शव बाहर निकाल लिया गया। मृतक सफेद-काले रंग की चैक्स शर्ट और पेंट पहने था। उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला। एक हाथ पर कट के काफी निशान थे। दूसरे हाथ पर विकास गुदा हुआ था। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हुआ है। आसपास के लोगों से पहचान के प्रयास किये गये, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर दफनाया गया है। जिले के पुलिस थानों से गुमशुदा युवकों की जानकारी मांगी गई है, वहीं मृतक का फोटो आसपास के जिलों की पुलिस को पुलिस ग्रुप के माध्यम से भेजा गया है। मृतक के परिजनों का पता चलने पर उसके द्वारा उठाये गये कदम का कारण सामने आ पायेगा।

### पान बडोदिया में रंजीश को लेकर चले हथियार, 12 घायल

उज्जैन। पान बडोदिया में रंजीश को लेकर शनिवार-रविवार रात 2 पक्षों के बीच हथियार चल गये। घटनाक्रम में 12 लोग घायल हुए है, जिनका तीन अस्पतालों में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामले में बलवे का प्रकरण दर्ज किया है। भेरूगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पान बड़ोदिया में राजपूत और भाट परिवार के बीच पुराना विवाद चल रहा है। रात में गाली-गलौच होने पर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गये और देखते-देखते लाठी, तलवार निकल आये। इस बीच एक पक्ष से राजेंद्र पिता भगवानसिंह देवड़ा, दरियाव पिता भंवरसिंह देवड़ा, माखन पिता वीरेंद्रसिंह सोलंकी, शैलेन्द्र पिता वीरेंद्रसिंह सोलंकी, कुलदीप पिता भेरूसिंह सोलंकी, भोम पिता मेहरबान सिंह देवड़ा, लालसिंह पिता रामसिंह पंवार, प्रेम पिता रूगनाथ सिंह पंवार घायल हो गये। दूसरी ओर से भीमसिंह तंवर पिता जगगन्नाथ, माखन पिता भीमसिंह तंवर, धर्मेंद्र जगगन्नाथ सिंह तंवर, दीपक पिता बनेसिंह तंवर घायल है। विवाद की खबर मिलते ही भैरवगढ़ थाना पुलिस का बल मौके पर पहुंच गया था।

# गिरफ्त में आया नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला युवक

### 4 माह पहले किया था शोषण, 6 घंटे में पकड़ाया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नाबालिग को अकेला पाकर 4 माह पहले दुष्कर्म करने वाले युवक को पुलिस ने मामला सामने आने के बाद 6 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। रविवार दोपहर आरोपी युवक को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चिंतामण थाना क्षेत्र के गांव में रहने वाली 17 साल की बालिका को परिजन शनिवार शाम थाने लेकर पहुंचे थे। जहां नाबालिग ने बताया कि उसके माता-पिता प्रतिदिन सुबह मजदूरी पर चलते जाते है, वह घर पर अकेली रहती है। 4 माह पहले गांव के रहने वाले अमन पिता संजू चौहान ने उसे अकेला पाकर उसके साथ अनैतिक काम किया था और धमकी दी कि किसी को बताया तो जान से मार देगा। वह काफी डर गई थी। जिसके चलते परिजनों को घटना नहीं बताई। परिजनों ने बताया कि पेट दर्द होने पर बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां गलत काम होना सामने आया। थाना प्रभारी हेमराज यादव के अनुसार मामला नाबालिग के साथ अनैतिक काम और धमकी देने का होना पर आरोपित युवक अमन के खिलाफ संगीन धारा में प्रकरण दर्ज किया गया और गिरफ्तारी के लिये एसआई चुन्नीलाल माले, प्रधान आरक्षक राहुल कुशवाह, गणेश कुमार, महिला आरक्षक प्रेरणा की टीम बनाई गई। अमन के ठिकानों का पता लगाया गया और दबिश दी गई। 6 घंटे में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# अभिरक्षा में अनमोल गुर्जर को फरार कराने वाले 6 आरोपी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हीरामिल की चाल में गोली चलाने वाले आरोपियों में शामिल कुख्यात बदमाश अमनोल गुर्जर को फरार कराने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने अभिरक्षा में ले लिया है। अनमोल की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। गोलीकांड का मुख्य आरोपी पूर्व में पकड़ा गया था, जो जेल की सलाखों में है।

देवासगेट थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल की रात हीरामिल की चाल ब्रिज के नीचे लव निर्मल निवासी विष्णुपुरा को दोनों पैरों में गोली मार दी गई थी। पुलिस ने चंद घंटो में गोली मारने वाले मुख्य आरोपी जय उर्फ बच्चा चौहान निवासी शांतिनगर को गिरफ्तार कर 12 बोर का कट्टा बरामद किया था। पूछताछ में उसने अनमोल गुर्जर और एक अन्य साथी के साथ पुरानी रंजीश में गोली मारना कबूल किया था। पुलिस अनमोल और फरार एक अन्य साथी की तलाश में लगी थी। इस बीच फरार अन्य आरोपी विकास पिता रमेशचंद्र सिरोलिया अमननगर छोटी मायापुरी को गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में अनमोल की फरारी में मदद करने वाले नवनीत पिता धोलालाल नायक 22 साल जयसिंहपुरा, यशवंत उर्फ यश पिता संजय कौशल 21 साल राधा परिसर नानाखेड़ा, जतिन पिता मोहनलाल सूर्यवंशी 20 साल महाकाल मार्ग, प्रीतम पिता गजराजसिंह ठाकुर 20 साल डांडा भवन क्षेत्र और शीतल उर्फ शीतू पिता दिलीप त्रेणावत 23 साल निवासी संजय नगर नानाखेड़ा के नामों का खुलासा किया। विकास सारोलिया को रिमांड पर लेकर अनमोल की फरारी में मदद करने वाले पांचों आरोपियों को रविवार शाम अभिरक्षा में ले लिया गया। जिनके पास से एक पल्सर बाईक और सुजुकी एक्सेस गाड़ी बरामद की गई है। सभी से अनमोल और अन्य बदमाशों के संबंध में पूछताछ जारी है।

### युवक ने बताया गांजा उपलब्ध कराने वाले का नाम

गांजा लेकर आये युवक को पुलिस ने पकड़ा तो उसने उपलब्ध कराने वाला का नाम बता दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर 1 किलो 221 ग्राम गांजा बरामद कर मामला जांच में लिया। दोनों को रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि शनिवार को खबर मिली थी कि एक युवक नायनरोड बीसीआई जंगल से गांजा लेकर जाने वाला है। तत्काल उसे गिरफ्तार करने के लिये एसआई संजय माथुर, एएसआई भुरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र सिंह, कालूराम परिहार, प्रद्युमन सिंह पंवार को रवाना किया गया।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान के 100 दिन पूरे: जन आंदोलन बना स्वच्छता का संकल्प, अब 1 मई से प्रतिदिन होगा श्रमदान

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



आस्था की प्रतीक शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के संकल्प के साथ शुरू हुए 'शिवना शुद्धिकरण अभियान' ने रविवार को अपने गौरवमयी 100 दिन पूरे कर लिए हैं। इस ऐतिहासिक पड़ाव पर मंदसौर के नागरिकों और श्रमदानियों में भारी उत्साह देखा गया।

रविवार सुबह बड़ी संख्या में शहरवासी नदी के तट पर एकत्रित हुए और सामूहिक श्रमदान के जरिए नदी से दो ट्रॉली प्लास्टिक, कचरा, गंदगी और तटों पर उगी गाजर घास को साफ किया। पिछले 100 दिनों के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि अब शिवना के स्वरूप में सकारात्मक और दृश्यमान परिवर्तन नजर आने लगा है, जिससे अभियान से जुड़े योद्धाओं और शहरवासियों के चेहरे पर संतोष की लहर है। इस विशेष अवसर पर शिवना तट पर एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें समाजसेवियों, पत्रकारों और शिवना योद्धाओं ने अभियान के प्रणेता एवं क्षेत्रीय विधायक श्री विपिन जैन का पुष्पहार और प्रतीक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधायक श्री जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण का यह कार्य अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक व्यापक जन आंदोलन बन चुका है जिसमें समाज के हर वर्ग ने अपनी आहुति दी है। उन्होंने घोषणा की कि यह शुचिता का कार्य यहीं नहीं रुकेगा। आगामी 1 मई 2026 से इस अभियान को और गति दी जाएगी और प्रतिदिन श्रमदान का सिलसिला शुरू होगा। उन्होंने मंदसौर की जनता से भावुक अपील करते हुए कहा कि नदी को पूर्णतः स्वच्छ बनाने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और प्रति रविवार सुबह 7 से 9 बजे के बीच अपना श्रमदान सुनिश्चित करना होगा।

अभियान के 100वें दिन श्रमदान करने वालों में विधायक विपिन जैन के साथ अखिल भारतीय साहित्य परिषद के पदाधिकारी, वरिष्ठ पत्रकार, समाजसेवी और महिला नेत्रियां प्रमुखता से शामिल रहीं। इस दौरान बी.आर नलवाया, नंदकिशोर राठौर, डॉ. उर्मिला तोमर, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, समाजसेवी हेमराज खाबिया, रफत पयामी, इष्टा भाचावत और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए धमनार और अमलावद के ग्रामीणों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# रोटरी संस्थापक पॉल हैरिस के जन्मदिवस पर स्थाई जल मंदिर का हुआ कायाकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



रोटरी क्लब मंदसौर ने रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस के जन्मदिवस को सेवा की भावना के साथ मनाते हुए नगर के व्यस्ततम बस स्टैंड स्थित स्थायी जल मंदिर का हर्षनारायण कश्यप परिवार के सहयोग से अत्याधुनिक नवीन वाटर कूलर स्थापित कर पुनर्निर्माण कर उसे आमजन को समर्पित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र अग्रवाल एवं प्रकाश सिसोदिया द्वारा मां सरस्वती एवं रोटरी संस्थापक पॉल हैरिस के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ।

नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थल पर इस आधुनिक जल मंदिर के पुनः प्रारंभ होने से जनता को बड़ी राहत मिलेगी। पत्रकार श्री अग्रवाल और श्री सिसोदिया ने रोटरी क्लब की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि क्लब समाज की वास्तविक जरूरतों को पहचानकर समय-समय पर अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।

स्वागत उद्बोधन देते हुए रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बताया कि इस स्थायी जल मंदिर का निर्माण वर्षों पूर्व जैन और कश्यप परिवारों के सहयोग से हुआ था, जिसका संचालन लंबे समय से पूर्व पार्षद संजय जैन (करनाखेड़ी) द्वारा किया जा रहा है। प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. एस.एम. जैन के अनुरोध पर स्व. श्रीमती अमृता बाई कश्यप की स्मृति में हर्ष नारायण कश्यप परिवार ने इसका नवनिर्माण कराया है। रोटरी जिला 3040 के असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी ने नगरपालिका अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि शहर में अन्य स्थानों पर भी प्याऊ या जल मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु क्लब हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, प्रमोद कीमती, कनक पंचोली सहित रोटरी के अनेक सदस्य, दानदाता कश्यप परिवार के सदस्य आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव कपिल भंडारी ने किया एवं आभार सहसचिव अभय सोमानी ने व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री के राष्ट्र को संबोधन का सीधा प्रसारण नारी शक्ति ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ देखा-सुना

रतलाम। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार रात राष्ट्र के नाम संबोधन दिया। इसमें उन्होने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास नहीं होने पर मातृ शक्ति से क्षमा मांगी और इस बिल को लेकर विपक्ष की नकारात्मक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री जी के संबोधन का रतलाम में नारी शक्ति ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप के साथ सीधा प्रसारण देखा। विधायक जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, इंदौर जिला ग्रामीण प्रभारी शैलेन्द्र डागा, उज्जैन जिला प्रभारी बजरंग पुरोहित, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा सहित भाजपा के प्रदेश, जिला मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण आदि उपस्थित रहे।

## इंदौर-लिंगमपल्ली एक्सप्रेस अब चर्लपल्ली तक चलेगी

रतलाम। पश्चिम रेलवे के रतलाम मण्डल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए, इंदौर रेलवे स्टेशन से संचालित होने वाली इंदौर लिंगमपल्ली एक्सप्रेस का विस्तार चर्लपल्ली तक किया गया है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 25 अप्रैल से इंदौर से चलने वाली ट्रेन संख्या 20916 इंदौर-चर्लपल्ली एक्सप्रेस इंदौर से 11.15 बजे प्रस्थान कर अगले 14.15 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। इसी प्रकार, 26 अप्रैल से चर्लपल्ली से चलने वाली ट्रेन संख्या 20915 चर्लपल्ली- इंदौर एक्सप्रेस चर्लपल्ली से 20.45 बजे प्रस्थान कर मंगलवार को 15 बजे इंदौर पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव दोनों दिशाओं में सिकंदराबाद स्टेशन पर भी ठहराव रहेगा। इसके अतिरिक्त इस ट्रेन में अन्य कोई बदलाव नहीं किया गया है।यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों के ठहराव, समय एवं ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की जानकारी भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर अवश्य देखें।

# गांधीसागर के बैकवॉटर में मौत का करंट- मगरमच्छों के शिकार का भंडाफोड़

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



गांधीसागर जलाशय के शांत पानी में बिजली का करंट दौड़ाकर जलीय जीवों का काल बनने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस और वन विभाग ने पदार्फाश किया है। ग्राम संजीत के मगरा क्षेत्र में संयुक्त टीम ने बड़ी दबिश देते हुए पश्चिम बंगाल के तीन शिकारियों को गिरफ्तार किया है।

ये आरोपी किराए के कमरे में बैठकर अंडरग्राउंड वायरिंग के जरिए नदी के पानी में हाई-वोल्टेज करंट छोड़ते थे, जिससे न केवल मछलियां बल्कि विशाल काय मगरमच्छ भी अपनी जान गंवा रहे थे।

जानकारी के अनुसार प्रशासनिक टीम को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि गरोठ, बसई और रामपुरा जैसे बैकवॉटर क्षेत्रों में मछली माफिया सक्रिय हैं। शनिवार रात जब टीम ने संजीत में छापेमारी की, तो रोंगटे खड़े कर देने वाली तकनीक सामने आई। आरोपी सुकांत सरकार, सुजान विश्वास और देवव्रत विश्वास ने अपने ठिकाने से नदी तक चोरी-छिपे तार बिछा रखे थे। मौके से ४ बड़ी बैटरियां, 3 यूपीएस/आईपीएस मशीनें और बिजली के तारों का जाल बरामद किया गया है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पिछले दो महीनों से इसी तरह अवैध शिकार कर रहे थे।

करंट लगने से नदी में बड़ी संख्या में मछलियां और अन्य जलीय जीव मृत पाए गए हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि तलाशी के दौरान वन विभाग को नदी में मगरमच्छ भी मृत अवस्था में मिले हैं, जिनकी मौत का कारण यही करंट बताया जा रहा है। एसडीओपी कीर्ति बघेल के अनुसार, नाहरगढ़ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और गिरोह के अन्य संपर्कों की तलाश की जा रही है।

## जीव दया और सेवा के संकल्प के साथ मनाया आचार्य श्री का जन्म उत्सव

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

स्थानीय प्रतापगढ़ रोड स्थित श्री गोपाल कृष्ण गौशाला में जैन सोशल ग्रुप मेन द्वारा पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वर जी म.सा. के 82 वर्ष पूर्ण कर 83वें वर्ष में प्रवेश के पावन अवसर पर जीव दया सेवा प्रकल्प के तहत गोवंश को हरे चारे का आहार कराया गया। श्री आर्यरक्षितसूरि जैन तीर्थ धाम के प्रेरक गुरुदेव के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य और धर्मप्रेमी एकत्रित हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जैन सोशल ग्रुप मेन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाहर ने कहा कि पूज्य गुरुदेव का जीवन करुणा और संयम का जीवंत संदेश है। उन्होंने जोर दिया कि गुरुदेव सदैव जीव मात्र के प्रति दया भाव रखने की प्रेरणा देते हैं, इसीलिए उनके जन्म उत्सव को किसी आडंबर के बजाय मूक प्राणियों की सेवा कर मनाया गया है। नाहर ने गोवंश की सेवा को भारतीय संस्कृति का मूल आधार बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। इस पुनीत कार्य में ग्रुप संयोजक संजय लोढा, पूर्व अध्यक्ष सतीश लोढ़ा, संजय जैन श्वेता, कमल कच्छारा, उज्जवल मेहता, अनिल संघवी, कुशल नाहर सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता की।

## जनगणना कार्य को लेकर तीन दिनों तक ट्रेनिंग लेंगे 90 कर्मचारी



मन्दसौर। आगामी जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मंदसौर में कर्मचारियों का प्रशिक्षण शिविर शुरू हो गया है। कलेक्टर अदिति गर्ग के निदेर्शानुसार महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यशाला में मंदसौर नगर के सभी 40 वार्डों में तैनात होने वाले 90 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का यह द्वितीय चरण १९, 21 और 22 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें कर्मचारियों को जनगणना की बारीकियों और डेटा संकलन के तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। डिप्टी कलेक्टर अनिता चकोटिया एवं अनुविभागीय अधिकारी शिवलाल शाक्य के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में मास्टर ट्रेनर दो अलग-अलग कक्षों में 45-45 कर्मचारियों के समूह को ट्रेनिंग दे रहे हैं। नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा इस पूरी कार्यशाला की व्यवस्था मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रेम कुमार सुमन और स्वास्थ्य अधिकारी हेमचन्द्र शर्मा की देखरेख में की गई है। इस कार्य में अजय मारोठिया, राजेन्द्र नीमा, मंगेश राव नवले सहित नगर पालिका के कई कर्मचारी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने में जुटे हुए हैं, ताकि वर्ष 2026 और 2027 में होने वाला जनगणना कार्य त्रुटिहीन रहे।

## विकास नगर 14/2 में निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ




नीमच। विकास नगर 14/2 स्थित *विकासेश्वर मंदिर परिसर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति द्वारा 8 दिवसीय निशुल्क योग शिविर का दिनांक 19 अप्रैल से 26 अप्रेल तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त योग शिविर में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट नीमच जिला प्रभारी पुखराज साहू* द्वारा मोटापा, शुगर, अपचन ,घुटने का दर्द, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, कोलेस्ट्रॉल, हाई बीपी, हृदय रोग, सर दर्द, थायराइड आदि रोगों के निवारण हेतु इंटीग्रेटेड योग अभ्यास कराया जा रहा हे।योग शिविर के संयोजक श्रीमति मंजू छाबड़ा, राजेश जी जायसवाल, अजय कुमार जी ओझा द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

## विधायक परिहार ने लिया जैन संत मणिप्रभ सूरीश्वर जी का आशीर्वाद

नीमच। क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार ने आज जैन समाज के प्रतिष्ठित संत मणिप्रभ सूरीश्वर जी म.सा. के दर्शन कर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आत्मीय भेंट के दौरान विधायक ने संत श्री के सान्निध्य में कुछ समय बिताया और उनके मंगल प्रवचनों का श्रवण किया।विधायक परिहार ने बताया कि संत श्री के प्रेरणादायी वचनों से न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त हुई, बल्कि समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को एक नई वैचारिक दिशा भी मिली। इस अवसर पर चर्चा करते हुए विधायक ने कहा कि संतों का मार्गदर्शन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और आपसी सद्भावना को प्रगाढ़ करने में मील का पत्थर साबित होता है। संतों के आशीर्वाद को जनसेवा के पथ पर शक्ति का स्त्रोत बताते हुए उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की।

## भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई

पिपलिया मडी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय सकल ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में 19 अप्रैल को फोरलेन स्थित टेकरी बालाजी के पास ब्राह्मण समाज का संस्कार केंद्र पर प्रात 9 बजे पंडित शिवनारायण नगर के आचार्यत्व में भगवान परशुराम की तस्वीर को माल्यार्पण कर सामूहिक यज्ञ किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए कार्यक्रम के सुत्राधार अक्षय कौशिक ने बताया कि श्रीमती लता पंकज शर्मा, श्रीमती रितु हर्षवर्धन शर्मा, श्रीमती अंगूर वाला हरीश भट्ट, पत्रकार बाबूलाल नागर शीतल शर्मा कमल शर्मा आदि यज्ञक लाभार्थी बने। यज्ञ के पश्चात भगवान परशुराम की आरती वह प्रसाद वितरणक कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।


तैत्तिरीयोपनिषद् का सार:
ब्रह्मज्ञान की यात्रा
आनंद को ही ब्रह्म जाना
पंचकोश का सिद्धांत:
आत्मा के
पाँच आवरण
ब्रह्म का स्वरूप:
आनंद
भृगु की तपस्या:
ब्रह्म की खोज
अन्नमय कोश
प्राणमय कोश
मनोमय कोश
विज्ञानमय कोश
आनंदमय कोश
सत्य,
ज्ञान, अनंत,
परमानंद स्वरूप
अन्न
प्राण
मन
विज्ञान
स्नातक के लिए
आचार्य का उपदेश
सत्य
बोलना
धर्म का
आचरण
करना
स्वाध्याय से
कभी विमुख
न होना
शीक्षावल्ली -
ज्ञान और कर्तव्य
का आधार
शिक्षा के
छ: अंग
वर्ण
स्वर
बल
साम
पंच महासंहिता उपासना
लोक
ज्योतिष
विद्या
प्रजा
आत्मा
शीक्षावल्ली -
ज्ञान और कर्तव्य
का आधार
NotebookLM

# धुरंधर-2 ने पुष्पा-2 का रिकॉर्ड तोड़ाः तीसरी सबसे ज्यादा कमाई वाली भारतीय फिल्म बनी

## 1748.91 करोड़ कलेक्शन; अब दंगल और बाहुबली-2 ही आगे



धुरंधर 2 दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। फिल्म की दुनियाभर में कमाई 1,748.91 करोड़ रुपए हो गई।

धुरंधर 2 ने 1,742.10 करोड़ रुपए कमाने वाली अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 को पीछे छोड़ दिया। अब यह सिर्फ दंगल (2070 करोड़) और बाहुबली-2 (1,788.06 करोड़) से पीछे है।

### रिलीज के 31वें दिन भारत में 4.65 करोड़ कमाए

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने रिलीज के 31वें दिन भारत में 4.65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म का कुल भारत नेट कलेक्शन अब 1,110.47 करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जबकि भारत में इसका ग्रॉस कलेक्शन 1,329.31 करोड़ रुपए हो गया। ग्रॉस कलेक्शन टिकट से कुल कमाई और नेट कलेक्शन टैक्स के बाद की कमाई होती है।

ओवरसीज में फिल्म ने 31वें दिन 1.10 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही फिल्म का कुल ओवरसीज ग्रॉस कलेक्शन 419.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन अब 1,748.91 करोड़ रुपए हो चुका है।

धुरंधर-2 फिल्म की कमाई में पांचवें हफ्ते में गिरावट देखने को मिली है, लेकिन वीकेंड पर इसमें हल्की बढ़त हुई। 30वें दिन जहां फिल्म ने 2.70 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था, वहीं 31वें दिन यह बढ़कर 4.65 करोड़ रुपए हो गया। फिल्म के हिंदी वर्जन ने 31वें दिन 4.50 करोड़ रुपए का सबसे ज्यादा कलेक्शन किया, जबकि तमिल में 6 लाख रुपए, तेलुगु में 7 लाख रुपए और कन्नड़ में 2 लाख रुपए का नेट कलेक्शन हुआ।

### धुरंधर को शानदार रिस्पॉन्स मिला था

धुरंधर के पहले पार्ट ने भारत और अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और दुनियाभर में करीब 1,307 करोड़ रुपए कमाए। भारत में फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 1,005.85 करोड़ रुपए रहा, जबकि नेट कलेक्शन लगभग 840 करोड़ रुपए हुआ। विदेशी बाजारों में भी फिल्म को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। ओवरसीज में इसने करीब 299.5 करोड़ रुपए कमाए। अमेरिका और कनाडा में 193.06 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर बाहुबली 2 का रिकॉर्ड भी तोड़ा।






# आईपीएल: मार्करम के ओवर में 5 छक्के लगे

## पंजाब ने आईपीएल 2026 का बेस्ट स्कोर बनाया



ब्रह्मास्त्र ›› कोलकाता

आईपीएल के 29वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। मुल्लांपुर में आईपीएल ने 19वें सीजन का बेस्ट स्कोर बनाया। ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदला। वहीं ऐडन मार्करम ने एक ओवर में 32 रन खर्च कर दिए, उनके ओवर में प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने 5 छक्के लगाए।

दूसरे ओवर में पंजाब के कूपर कोनोली छइह होने से बच गए। मोहसिन खान की फुल लेंथ गेंद पर कोनोली फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन चूक गए और गेंद उनके पैड्स से टकरा गई। छइह की अपील हुई, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नॉटआउट करार दिया।

पंत ने काफी सोचने के बाद भी रिव्यू नहीं लिया। रिप्ले से पता चला कि बॉल लेग स्टंप पर लग रही थी, अगर वे रिव्यू ले लेते तो विकेट मिल जाता। कोनोली ने इसका फायदा उठाया और 87 रन की पारी खेल दी।

### 2. मार्करम ने 32 रन का ओवर फेंका

13वें ओवर में कूपर कोनोली ने ऐडन मार्करम के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और तीसरी बॉल पर छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रियांश आर्या ने आखिरी दो बॉल पर लगातार दो छक्के मारे। मार्करम के इस ओवर में 32 रन बने।

मार्करम LSG के लिए एक ओवर में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर भी बन गए। उनसे पहले 2022 में रवि बिश्नोई ने फ्छइ के खिलाफ 27 रन खर्च किए थे। यह प्लेऑफ का एलिमिनेटर मुकाबला था, जो कोलकाता में खेला गया था। प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की पार्टनरशिप की। यह इस सीजन की बेस्ट पार्टनरशिप रही।

## प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने 182 रन की पार्टनरशिप की

इससे पहले मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन ने 148 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। दोनों ने कोलकाता के खिलाफ यह रन बनाए थे। प्रियांश और कोनोली ने अपनी पार्टनरशिप में मिलकर 16 छक्के लगाए। ढइडर से क्ढछ इतिहास में तीसरी बार ही 150 प्लस रन की पार्टनरशिप हुई। इससे पहले केएल राहुल और मयंक अग्रवाल ने 183 रन जोड़े थे। वहीं 2011 में एडम गिलक्रिस्ट और शॉन मार्श 206 रन की साझेदारी कर चुके हैं।

पंजाब किंग्स ने पहले बैटिंग करते हुए 254 रन बनाए। यह 19वें क्ढछ सीजन का बेस्ट स्कोर रहा। इससे पहले बेंगलुरु ने चेन्नई के खिलाफ 250 रन बनाए थे। फ्छइ की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी 240 रन बना चुकी है। ढइडर और फ्छइ इस समय पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें हैं और दोनों ने ही पिछले सीजन का फाइनल खेला था। पंजाब किंग्स ने 254 रन बनाए।

लखनऊ सुपरजायंट्स ने अपना ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदल लिया।



मिचेल मार्श के साथ ऐडन मार्करम की जगह आयुष बडोनी पारी की शुरूआत करने आए। टीम इससे पहले ऋषभ पंत से भी ओपन करा चुकी है। बडोनी 35 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने मार्श के साथ 61 रन की पार्टनरशिप की। 14वें ओवर में निकोलस पूरन को जीवनदान मिल गया। ओवर की पांचवीं बॉल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर गुगली फेंकी। पूरन ने बड़ा शॉट खेला, लेकिन गेंद लॉन्ग ऑन बाउंड्री की ओर हवा में खड़ी हो गई। शशांक गेंद के नीचे आए, लेकिन कैच नहीं पकड़ सके। जीवनदान के वक्त पूरन 9 रन के स्कोर पर थे, वे इसका फायदा नहीं उठा सके और अगले ही ओवर में मार्को यानसन का शिकार हो गए।


लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोंन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154











त्याग का रहस्य
सच्चा त्यागी कौन है?
जो कर्मफल का त्याग करता है, वही सच्चा त्यागी है। (श्लोक 18/11)
त्याग तीन प्रकार का होता है
गुणों के आधार पर त्याग सात्विक, राजसिक और तामसिक होता है। (श्लोक 18/4)
कर्म के तीन मार्ग: भगवद् गीता का सार
श्रीमद्भगवदगीता का यह अंतिम अध्याय सच्चे 'त्याग' का रहस्य समझाता है। इलका अर्थ कर्मों को छोड़ना नहीं, बल्कि अपने कर्तव्य को फल की इच्छा के विना करना है। यह अध्याय कर्म, ज्ञान और सुख को तीन गुणों के आधार पर वर्गीकृत करता है, ताकि व्यक्ति को मुक्ति के भार्ग पर मार्गदर्शन निल सके।
सात्विक
(Sattvic)
कर्म
कर्तव्य भाव से, फल की इच्छा बिना (18/23)
ज्ञान
सब में एक अविनाशी आत्मा देखना (18/20)
सुख
आरम्भ में विष, अंत में अमृत (18/37)
राजसिक
(Rajasic)
कर्म
अईकार और फल की इच्छा से (18/24)
ज्ञान
सब प्राणियों में भेद देखना (18/21)
सुख
आरम्भ में अमृत, अंत में विष (18/38)
तामसिक
(Tamasic)
कर्म
मोह और अलान से किया गया (18/25)
ज्ञान
एक ही कार्म को सब कुछ मानना (18/22)
सुख
शुरू और अंत में मोहकारी (18/39)
परम सिद्धि का मार्ग
अपने स्वभाव-नियत कर्म का पालन करें
दोपयुक्त होने पर भी अपना स्वाभाविक कर्म करना श्रेष्ठ है। (श्लोक 18/47)
ईश्वर को पूर्ण समर्पण करें
सभी धर्मों को त्यागकर केवल ईश्वर की शरण में जाएं। (श्लोक 18/66)
समर्पण का फल: परम शांति
ईश्वर की कृमा से ही परम शांति और शाश्वत पद प्राप्त होता है। (श्लोक 18/62)
NotebookLM

☆ TARGET SARKARI NAUKRI ☆

# भारत के राज्यों की सबसे ऊँची चोटियाँ




# भारतीय बनें, भारतीय खरीदें, भारतीय संस्कृति पर गर्व करें।

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद - प्रयोग करें | बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उत्पाद बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | गोदरेज, संतूर, निरमा, मैसूर सैंडल, विप्रो-शिकाकाई, मेडिमिक्स, सिंथाल, नीमा | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, डॅव, पॉडन्स, पामोलिव, जान्सन, डेटॉल, एमवे |
| कपड़े व फर्श धोने का साबुन | स्वस्तिक, ससा, प्लस, निरमा, विमल, हीपोलिन, डेट, फेना, उजाला, इजी, घड़ी, जेंटिल, आरती, दो कैंची, स्वराज, वैगस | व्हील, एरियल, सर्फ एक्सल, रिन, विमबार, रॉबिन ब्लू |
| सौंदर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यु, सिंथॉल, संतूर, इमामी, बोरोप्लस, तुलसी, वीको टर्मरिक, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पेराशूट, डाबर, झंडू, सांडू, बैद्यनाथ, हिमालय, बारोलीन, बजाज सेवाश्रम, मूव, क्रेक क्रीम, अयूर | जॉनसन, पाण्ड्स, ओल्ड स्पाईस, फेयर एण्ड लवली, मेडीकेयर, नायसिल, लिरिल, लेक्मे, पेन्टीन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लीनिक |
| टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, विको, एंकर, डाबर, मिसवाक, अजंता, बैद्यनाथ, इमामी, हिमालय, दंतकांति | कोलगेट, सिबाका, क्लोजअप, पैप्सोडेंट, ओरल-बी, एमवे, सैन्सोडाईन |
| शेविंग साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, वी-जॉन, टोपाज, पार्क एवेन्यू | निविया, ओल्ड स्पाईस, जिलेट, सेवेन-ओ-क्लाक |
| बिस्किट, चाकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | बेकमेन, मोर्नेको, क्रेकजैक, शालीमार, पैरी, रावलगांव, क्लासिक, अमूल, न्यूट्रामूल, सफल, वेरका, सागर, प्रिया गोल्ड, न्यूट्रीन, वीटा, मदर डेरी, क्रीमिका, राजा, सनफीस्ट, पार्ले, फर्निटियर, महालक्ष्मी, हल्दीराम, बिकानो | ब्रिटानिया, टाईगर, मैरी, नैसले, कैडबरी, बोर्नव्हिटा, हार्लिक्स, बूस्ट, किसान, मैगी, कॉम्प्लान, मिल्कफूड |
| चाय-कॉफी | टाटा टी, आसाम टी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, टिपस, तेज, टाटा कॅफे, टाटा-टेटली, वाघ-बकरी, आर्गेनिक, इन्डिया | ब्रुक बाण्ड, ताजमहल, रेड-लैबल, लिप्टन, ग्रीन लेवल, नेसकैफे, नेस्ले, ब्रू |
| शीतपेय, चटनी, आचार, मुरब्बा | एनर्जी, कैपोकोला, जम्पिन, फ्रुटी, डाबर, रसना, हमदर्द, रूह-आफजा, हल्दीराम, गोकुल, बीकानेर, प्रिया, अशोक, मदर्स, रियल जूस | लेहर, पेप्सी, सेवन-अप, मिरींडा, कोका-कोला, सोडा, लिम्का, थम्स-अप, फैन्टा, स्प्राईट |
| पीने का पानी | बैली, नेचुरल, रेल नीर | ॲक्वाफिना, किन्ले, फोस्टर्स |
| आईस्क्रीम | दिनशॉ, वाडीलाल, अमूल, हिमालय, निरूला, मदर डेयरी, हैव मोर, वेरका, वीटा, क्रीमबेल, प्रीतम बादशाह | कैडबरी, क्वालिटी वॉल्स, बास्कीन-राबिन्स, कॉर्नेट्टो |
| खाद्यतेल, खाद्य पदार्थ | सनफलावर, मारुति, पोस्टमैन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, सनड्राप, रथ, पैराशूट, अशोक, सफोला, गगन, अमृत, वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, डाबर, लिज्जत, शक्तिभोग आटा, टाटा नमक, एम.टी.आर., हल्दीराम, बिकानों, महालक्ष्मी | डालडा, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक, आटा और मैगी, किसान, ब्रुक बाण्ड, पिल्सबरी आटा, कैप्टन कुक नमक और आटा, अंकल चिप्स, लेज, लेहर |
| विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु | विडियोकॉन, बी.पी.एल., ओनिड़ा, सलोरा, टी-सीरीज, वेस्टर्न, टी.सी.एल., गोदरेज, बजाज, ऊषा, पोलर, ऐंकर, सूर्या, ओरिएन्ट, क्रॉम्प्टन, लायड्स, ब्लूस्टार, वोल्टास, खेतान, एवरड्रेडी, जिप, नोविनो, सुमित, हॉकिन्स, प्रेस्टीज, महाराजा, प्रेशर कुक्कर, सुजाता मिक्सी | फिलिप्स, सोनी, निप्पो, शार्प, व्हर्लपूल, सेमसंग, नैशनल-पैनासोनिक, तोशिबा, एलजी, हिताची, सानसूई, केनवुड, टपरवेयर, ओमेगा, टाइमैक्स, पायोनियर |
| घड़ियां | टाईटन, अजंता, एचएमटी, मैक्सिमा, फास्ट्रैक | ओमैगा, टाईमेक्स, राडो, टीसोट, गेस, माट ब्लैक |
| लेखन सामग्री | विल्सन, कैम्लिन, रोटोमैक, सेलो, स्टिक, मोंटेक्स, कैमल, स्टिक, अप्सरा, लिंक, बिल्ट, चौहान पेपर्स | पार्कर, पायलट, फैबर-कैसेल, लक्जर, कोरस |
| जूते, चप्पल, पॉलिश | लखानी, लिबर्टी, एक्शन, पैरागॉन, करोना, रिलैक्सो, रेड-टेप, किवी शू पॉलिश, वुडलैंड | प्यूमा, पॉवर, चेरी-ब्लॉसम, एडिडास, रिबॉक, नाइकी, लीकूपर, गैसोलीन, बाटा |
| तैयार कपड़े | स्पाईकर, डयूक, मफतलाल, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईग मशीन, जोडिएक, डेनिम, प्रोलीन, टीटी, लक्स, अमूल, वीआईपी, रूपा, रेमण्ड, ग्रासिम, पार्क एवेन्यू, अल्टिमो, मोन्टी कार्लो, | ली, पीटर इंग्लैंड, ऐरो, लोकास्टे, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेपे जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, एलन सोली, यूएस पोलो। |

**उपरोक्त के अतिरिक्त सभी स्थानीय, लघु-कुटीर उद्योग द्वारा निर्मित उत्पाद**


ॐ सनातन धर्म के सोलह
संस्कार
(16 सस्कार ऑफ हिंदू धर्म)
गर्भाधान संस्कार
संतान प्राप्ति हेतु शुद्ध भाव व संकल्प
पुसांवन संस्कार
गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य व संरक्षण हेतु
सीमन्तोन्दयन संस्कार
गर्भवली माता की मारसिक एवं शारीरिक शाति हेतु
जातकर्म संस्कार
शिशु के जन्न के समय किया जानें वाला संस्कार
नामकरण संस्कार
शिशु का शुम नामकरण
निष्क्रमण संस्कार
शिशु की प्रथम वार पर स वाहर ले जाना
अन्नप्राशन संस्कार
शिशु की प्रथमे वार अन्न ग्रहण कराना
चूडाकर्म (मुंडन)
वालों का प्रथम संरकार
कर्णवेथ संस्कार
कान छेदन संस्कार
उपनयन संस्कार
विद्या आरंभ एवं वह्मदाव का प्रवेश
वेदारंभ संस्कार
वेद एवं शास्त्र अध्वयन का प्रारंभ
समावर्तन संस्कार
शिक्षा पुर्ण कर ग्रहस्थ जोवन की तेवारी
विवाह संस्कार
थमेपुर्यंव गृहस्थ भीवन को वारेंम
वानप्रनथ्य संस्कार
विद्याारिर भोंह ते थीर थीरे विंरातिा
संन्यास्न संस्कार
पुर्ण वेंश्मव व शीथ मागं कों वार ममन
अंन्वेटि संस्कार
वेंह स्वाल के यस्वाल अतिम संस्कार

# भारत में पहली बार कब क्या शुरू हुआ



**टेलीविजन**
15 लितबर 1959
दिल्ली




**बिज़ली**
1772
दाजनिलिग



**टेलेफोन**
1881
कलकला



**कंप्युटर**
1952
कलकला



**सितेमा**
16 अप्रैल 1853
बोम्बे



**साइ़किल**
1890
बोम्बे



**मोवाइल**
31 ज़ुलाई 1995
केलकला



**रेलगाडी**
16 अप्रैल 1853
बोम्बे



**टेडियो**
1927
बोम्बे



**हवाई जहाज**
1911
इलाहाबाद



**बस** 15 मई 1947
अवद



**फुटवील**
15 अगरत 1889

**क्रिकेट**
1792 कलकला

■ वर्ष-12 अंक-166 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवारः 20, अप्रैल 2026

## सुभाषितानि

न चोरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्॥

**भावार्थ** : विद्या का धन चोर चुरा नहीं सकता, राजा छीन नहीं सकता, भाई बांट नहीं सकते और यह बोझ भी नहीं बनता। खर्च करने पर यह बढ़ता ही है। यह सबसे श्रेष्ठ धन है।

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति॥

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य के शरीर का सबसे बड़ा शत्रु है। मेहनत के समान कोई मित्र नहीं है, क्योंकि मेहनत करने वाला कभी दुखी नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### उचित कठोरता

होर्मुज जलसन्धितः पारं गच्छन् भारतीयव्यापारिकपोतद्वये ईरानीसैनिकैः गोलीकाण्डः न केवलं दुर्भाग्यपूर्णः अपितु अत्यन्तं चिन्ताजनकः अपि अस्ति। भारतीयध्वजयुक्ताः जहाजाः प्रथमवारं इस्लामिकक्रांतिकारीरक्षकदलस्य लक्ष्यं किमर्थं जातम्? अवश्यं इराणस्य विदेशमन्त्री अब्बास अरघची इत्यनेन होर्मुज जलसन्धिस्य पूर्ण उद्घाटनस्य घोषणायाः केवलं २४ घण्टानां अन्तः एव जलसन्धिः पुनः बन्दः अभवत्, परन्तु इरान् इत्यनेन पूर्वं भारतीयजहाजानां कृते सुरक्षितमार्गः प्रदत्तः अमेरिका-ईरान-सङ्घर्षस्य आरम्भात आरभ्य प्रायः १० भारतीयनौकाः जलसन्धिमार्गेण गत्वा भारतं प्रत्यागताः इति प्रतिवेदनानि सूचयन्ति । अतः इराणीसैन्येन किमर्थम् एतत कार्यं कृतम् ? अस्याः घटनायाः विषये नूतनदिल्ली सम्यक दृढं वृत्तिम् अङ्गीकृतवती अस्ति। शनिवासरस्य सायंकाले विदेशमन्त्रालयेन न केवलं ईरानीराजदूतं मोहम्मदफतली इत्येतम् आहूतम्, अपितु भारतीयविदेशसचिवः विक्रममिश्री अपि एकस्मिन् सत्रे स्पष्टं कृतवान् यत भारतं स्वस्य जहाजानां नाविकानां च सुरक्षायाः विषये अत्यन्तं चिन्तितः अस्ति। इराणस्य राजदूतः अपि भारतस्य स्थितिं स्वस्य शीर्षाधिकारिभ्यः ज्ञापयितुं कथितम् अस्ति। एषः समग्रः विकासः अनेके प्रश्नाः उत्थापयति। अत्यन्तं महत्त्वपूर्णः प्रश्नः अस्ति यत होर्मुज जलसन्धिः कथं सुरक्षितः इति गणयितुं शक्यते? दिनद्वयात पूर्वं यदा अस्थायीयुद्धविरामं यावत।

## निर्वाचनसभायां प्रधानमन्त्रिणा तृणमूलकाङ्ग्रेससर्वकारे महिलानां

# स्त्रियाः विरोधं कुर्वन्तः जनाः न मुञ्चन्ति : मोदी



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी रविवासरे पश्चिमबङ्गे मुख्यमन्त्री ममताबनर्जी, तृणमूलकाङ्ग्रेसपक्षं च लक्ष्यं कृतवान्। निर्वाचनसभासु सः अवदत् यत सम्पूर्णं बङ्गालराज्यं वर्तमानस्य तृणमूलकाङ्ग्रेससर्वकारस्य निष्कासनार्थं सज्जम् अस्ति तथा च ₹पालतान् डार्करः₹ (परिवर्तनं आवश्यकम्) इति घोषितवान्। रविवासरे प्रधानमन्त्रिणा पुरुलिया, झारग्राम, मेदिनीपुर इत्यादिषु आदिवासीप्रधानक्षेत्रेषु सभाः कृताः। सः आरोपितवान् यत, तुष्टीकरणस्य कारणात टीएमसी-सर्वकारेण आदिवासीनां उपेक्षा कृता, घुसपैठं प्रोत्साहयित्वा राज्यस्य पारम्परिकपरिचयः, भाषा, संस्कृतिः, सामाजिकस्थितिः च परिवर्तिता। टीएमसी-सङ्घस्य संरक्षणे तस्य नेतारः, घुसपैठिनः च सहस्त्राणि एकराणि आदिवासीभूमिं धारितवन्तः सन्ति । मोदी इत्यनेन उक्तं यत एतत निर्वाचनं बङ्गालस्य परिचयस्य रक्षणार्थं युद्धम् अस्ति। बङ्गालदेशे भाजपासर्वकारः बङ्गला, संथाली, कुर्मली, राजबंशीभाषा च अधिकं सुदृढं करिष्यति। पीएम इत्यनेन आरोपः कृतः यत टीएमसी इत्यनेन पुरुलिया, बांकुरा, झारग्राम इत्यादीनां आदिवासीप्रधानानाम् मण्डलानां मार्गः, जलं, शिक्षा, रोजगारः इत्यादीनां मूलभूतसुविधाः जानी-बुझकर वंचिताः। राष्ट्रपतिद्रौपदी मुर्मू इत्यस्य बङ्गाल-भ्रमणकाले मुख्यमन्त्री ममता-बनर्जी इत्यस्याः दुर्व्यवस्थापनस्य विषये अपि मोदी आलोचितवान् । सः अवदत् यत पूर्वप्रधानमन्त्री नेहरू इत्यनेन यथा डॉ. भीमराव अम्बेडकरस्य विरुद्धं उम्मीदवारः स्थापितः, तथैव तृणमूलः आदिवासीसमुदायस्य पुत्री मुर्मू इत्यस्य विरुद्धं अपि उम्मीदवारं स्थापितवान्। सः अवदत् यत बङ्गालस्य भगिन्यः राष्ट्रपतिना एतत अपमानं कदापि न विस्मरिष्यन्ति। मोदी अवदत्, ₹अधुना बङ्गालस्य भाजपा-सीएम-महोदयस्य आवश्यकता वर्तते।₹

महिला आरक्षणविषये प्रधानमन्त्रिणा उक्तं यत टीएमसी इत्यनेन काङ्ग्रेसेन सह मिलित्वा विधेयकस्य पारितत्वं निवारितम्। यदि अधिकाः महिलाविधायकाः निर्वाचिताः भवन्ति तर्हि ते महिलाधिकारार्थं स्वरं उत्थापयिष्यन्ति इति टीएमसी-सङ्घस्य आशङ्का आसीत । मतदानकाले अस्य अपराधस्य कृते तृणमूलकाङ्ग्रेसपक्षस्य दण्डं दातुं जनसामान्यं प्रति आह्वानं कृतवान् । इत्थं च पुरुलियानगरे सभायाः समये मोदी जनसमूहे स्वमातुः हिराबेनस्य चित्रं धारयन्तं बालकं दृष्ट्वा अचानकं स्वस्य सम्बोधनं बाधितवान्। प्रधानमन्त्री तस्य छायाचित्रस्य आह्वानं कृत्वा तत दृष्ट्वा भावुकः अभवत ।

झारग्रामे प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य काफिलः झलमुरी-दुकानस्य समीपे सहसा स्थगितवान् । प्रधानमन्त्री स्ववाहनात अवतीर्य झालमुरीं निमातुं दुकानं गतः। विशालः जनसमूहः समागत्य ₹जय श्री राम₹ इति जपं कृतवान।

## परिसीमनविधेयकस्य विपक्षस्य विरोधः : काङ्ग्रेसः

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

दिल्लीकाङ्ग्रेसस्य अध्यक्षा देवेन्द्रयादवः रविवासरे अवदत् यत संसदे महिला आरक्षणविधेयकं न पराजितम्। अपितु विपक्षः परिसीमनविधेयकं पराजितवान् यत भाजपा देशे आरोपयितुम् इच्छति स्म ।

दिल्लीराज्यकार्यालये आयोजिते सभायां अस्मिन् विषये जनसामान्येन सह व्यापकं संवादं कर्तुं आह्वानं कृतम्। यादवः अवदत् यत काङ्ग्रेसः सर्वदा महिलानां आरक्षणस्य समर्थनं कृतवती अस्ति। काङ्ग्रेसः एव २०१० तमे वर्षे राज्यसभायां महिला आरक्षणविधेयकं पारितवती तथापि भाजपा तत विधेयकं लोकसभायां पारितं कर्तुं असफलतां प्राप्तवती। २०२३ तमे वर्षे भाजपा-पक्षेण अन्यत विधेयकं प्रस्तावितं, यस्य समर्थनं काङ्ग्रेस-पक्षेण कृतम् । एप्रिलमासस्य १७ दिनाङ्के लोकसभायां यत विधेयकं पराजितं तत महिला आरक्षणविधेयकं न, अपितु परिसीमनविधेयकम् अस्ति। काङ्ग्रेसनेता जयराम रमेशः उक्तवान् यत यदि भाजपासर्वकारः गम्भीरः इमान्दारः च अस्ति तर्हि तया कानूनं कृत्वा तत्क्षणमेव ५४३ लोकसभासीटानां अन्तः महिलानां आरक्षणं दातव्यम्। महिलाकाङ्ग्रेसस्य अध्यक्षा अलका लाम्बा उक्तवती यत महिला आरक्षणस्य आच्छादनेन लोकसभायां परिसीमनविधेयकस्य पारितीकरणस्य भाजपायाः षड्यंत्रं काङ्ग्रेसेन उजागरितम्। दीपेंदर हुडा इत्यनेन उक्तं यत २०२३ तमस्य वर्षस्य कानूनस्य अन्तर्गतं वर्तमान ५४३ लोकसभासीटेषु महिलानां कृते ३३% आरक्षणं भाजपासर्वकारेण कार्यान्वितं कर्तव्यम्।

महिला आरक्षण कानूनसंशोधनविधेयकस्य विषये सर्वकारस्य प्रश्नोत्तरं काङ्ग्रेसपक्षेण क्षतिनियन्त्रणम् इति उक्तम्। दलस्य आरोपः अस्ति यत सर्वकारेण विधेयकं प्रस्तावितुं पूर्वं न तु संसदे पारितं न कृत्वा प्रश्नोत्तरं जारीकृतम्। वर्तमानसङ्ख्यायां आरक्षणस्य आग्रहमपि दलेन पुनः उक्तम्।

## हिमाचलप्रदेशे हिमपातः, हरियाणापञ्जाबयोः वर्षा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचलप्रदेशस्य उच्चोच्चक्षेत्रेषु रविवासरे हिमपातः अभवत । लहौल-स्पिटी, कुल्लू, मनाली च हिमपातः, मौसमस्य परिवर्तनस्य संकेतं ददाति । काश्मीरे उपत्यकायाः उच्चभागेषु हिमपातः, मैदानीक्षेत्रेषु च वर्षा अभवत । मौसमविभागस्य अनुसारं पाश्चात्यविकारस्य कारणेन एतत अभवत । जम्मू-कश्मीरे गुलमार्ग, पहलगाम, युस्मार्ग, गुरेज, रजदान टॉप, सोनामार्ग-जोजिला इत्यादिषु उच्चैः ऊर्ध्वतायुक्तेषु क्षेत्रेषु हिमपातः अभवत । श्रीनगर-लेह-राष्ट्रियराजमार्गः, बाण्डिपोरा-गुरेज-मार्गः च बन्दः कर्तव्यः आसीत । इदानीं रविवासरे हरियाणा-पञ्जाब-देशयोः केषुचित भागेषु वर्षा अभवत । चण्डीगढे अपि वर्षा अभवत ।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य समस्या आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

**वृषभ** : मूड कार्यस्थल पर पूरे माहौल को खुशनुमा बना सकता है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता

**मिथुन** : सिंगल लोग ऐसे लोगों की ओर आकर्षित होंगे, जो अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल्स वाले हों.

**कर्क** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। अपनों का साथ मिलेगा। मस्तिष्क को ऊर्जा देने और उत्साहित करने की आवश्यकता होती है।

**सिंह** : सीनियर सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है।

**कन्या** : किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में विस्तार के योग हैं। आज एक शानदार दिन है,

**तुला** : व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। नतीजतन, कोशिश करें कि एक समय में बहुत सारी चीजों का बोझ न उठाएं।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है।

**धनु** : आर्थिक व व्यापारिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। चंचल और रचनात्मक माहौल का स्वागत करें।

**मकर** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे।

**कुंभ** : आज शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। इस दौरान शुरू हुए समझौते और व्यापारिक अवसर सफल होने की संभावना है।

**मीन** : मन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। यह आपकी कहानी को फिर से लिखने का मौका है।

## ज्योतिष/वास्तु

# जीवन में दिलाता है अपार सफलता कुंडली में मजबूत मंगल

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुंडली में ग्रहों की स्थिति का मानव जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण ग्रह मंगल है। वैदिक ज्योतिष में मंगल को ऊर्जा, साहस और क्रियाशीलता का प्रतीक माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार, मंगल बाहरी ग्रहों में गिना जाता है, जैसे बृहस्पति और शनि।

मंगल को लाल ग्रह कहा जाता है, और यह बात आधुनिक विज्ञान से पहले ही कई वैदिक ग्रंथों में बताई जा चुकी थी। महर्षि पराशर और वराहमिहिर ने मंगल को लाल रंग का ग्रह बताते हुए इसे युद्ध, जोश और कर्म का कारक माना है। ज्योतिष में मंगल को राशि चक्र का योद्धा भी कहा जाता है। मंगल व्यक्ति के अंदर मौजूद ऊर्जा और जुनून को दशार्ता है। ग्रहों में इसे सैनिक की उपाधि दी गई है, जो सूर्य (राजा) के आदेशों को पूरा करता है।



यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत हो, तो वह व्यक्ति खेल, सेना या साहस से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत होते हैं, जो जीवन पर उसका क्या प्रभाव देखने को मिलता है। जिन लोगों का मंगल मजबूत होता है, वे सीधे और साफ बोलने वाले होते हैं। वे अपने मन की बात बिना झिझक कह देते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी अपने वादे निभाते हैं। ऐसे लोग आत्मविश्वासी होते हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें अहंकार भी देखा जाता है। मंगल के प्रभाव वाले लोग चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे काम पसंद करते हैं। वे आसान कामों की बजाय ऐसे क्षेत्रों में जाते हैं, जहां साहस और जोश की जरूरत होती है, जैसे सर्जन, इंजीनियर या सेना। वहीं, अगर कुंडली में मंगल कमजोर या अशुभ हो, तो व्यक्ति गलत दिशा में भी जा सकता है।

अगर मंगल लग्न का स्वामी हो तो व्यक्ति का शरीर चुस्त और फुतीर्ला होता है। ऐसे लोग ऊजार्वान और उत्साही होते हैं, लेकिन जल्दी गुस्सा भी आ सकता है। वे दूसरों पर प्रभाव जमाने और खुद को साबित करने की कोशिश करते हैं।

### मंगल का जन्म कैसे हुआ?

वेदों में मंगल को पृथ्वी का पुत्र कहा गया है, इसलिए यह जमीन-जायदाद और संपत्ति का भी कारक है। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव के तांडव के दौरान उनके पसीने की एक बूंद पृथ्वी पर गिरी, जिससे मंगल का जन्म हुआ। मंगल को लोहितांग और अंगारक नाम से भी जाना जाता है।

## गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए उज्जैन में लगेगा 5 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शिविर

उज्जैन। भागदौड़ भरी जिंदगी में उत्पन्न होने वाली गंभीर और असाध्य बीमारियों के उपचार के लिए शहर में एक विशेष निःशुल्क आयुर्वेद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जाने-माने आयुर्वेद विशेषज्ञ और नाड़ी वैद्य संतोष आनंद जायसवाल 20 से 24 तारीख तक उज्जैन निवासियों के लिए इस शिविर में अपनी सेवाएं देंगे।

यह पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर क्षीरसागर स्थित प्रकाश टॉकीज की गली में मौजूद जायसवाल धर्मशाला में आयोजित किया जा रहा है। वैद्य जायसवाल विगत कई वर्षों से अपनी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों के माध्यम से मरीजों का सफल उपचार करते आ रहे हैं। इस शिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वैद्य मरीजों के बिना बताए ही नाड़ी देखकर उनका रोग जान लेते हैं और एक ही छत के नीचे समाधान प्रदान करते हैं। वैद्य जायसवाल मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिसके लिए 9755703571 और 9300644113 पर संपर्क किया जा सकता है।

वैद्य जायसवाल की आयुर्वेदिक चिकित्सा के सकारात्मक और प्रामाणिक परिणाम भी सामने आए हैं। उज्जैन की रहने वाली शालिनी तोरने पिछले 10 साल से गैंगरीन जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। शालिनी के अनुसार साल 2015 में सेल्युलाइटिस के ऑपरेशन के बाद से ही उनके पैर में गहरा घाव हो गया था, जिससे लगातार मवाद और खून आता था। शालिनी ने बताया कि दशहरा मैदान में आयोजित महाकाल वन मेला में वैद्य जायसवाल से दवा लेने के बाद दूसरे महीने में ही उनका घाव पूरी तरह सूख गया है। अब मवाद आना बंद हो गया है और उन्हें लगभग 80 से 85 प्रतिशत तक आराम मिला है।

---

## समाज को आगे बढ़ाने के लिए मदद नहीं, संसाधनों की आवश्यकता : वीरेंद्र मिश्रा

**उज्जैन।** दुर्गा सशक्त भाव वेलफेयर सोसायटी द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल, परंपराओं और धार्मिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। मप्र सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस एवं डायरेक्टर एमएचए वीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि किसी समाज या उपेक्षित व कमजोर व्यक्ति को आगे बढ़ाने और उन्नति के मार्ग पर ले जाने के लिए मदद से ज्यादा संसाधनों की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि अवसर विशेष पर एक समय का भोजन कराने के बजाय किसी संस्था या व्यक्ति को संसाधन उपलब्ध कराएं। पद के साथ मद और गुरूर भी आता है, इससे बचना चाहिए। भारत के पास जो शक्ति है वह विश्व में किसी के पास नहीं है, जरूरत इस बात की है कि हम अपनी ताकत को पहचानें।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज और डॉ. सतविंदर कौर सलूजा उपस्थित थीं। सोसायटी की अध्यक्ष दुर्गेश नंदनी शर्मा ने संस्था की जानकारी दी। संस्था की कोषाध्यक्ष भावना जोशी ने रामधुन की प्रस्तुति दी और सचिव दीपा बजाज ने आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम संस्था एचआरएच, श्रीमंत राजमाता विजयराजे सिंधिया फाउंडेशन और अटल भारत स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर पं. श्रीधर व्यास, डॉ. पूनम व्यास, डॉ. सतिंदर कौर सलूजा, सिस्टर कृपा मारिया, सुरेंद्र यादव, रीना खंडेलवाल, पूर्णिमा व्यास, चित्रेश शर्मा, उषा पंवार, दुर्गा गर्ग, मिताली तोमर, विनीत राठौड़, डॉ. ध्वनि शर्मा, दिशा शर्मा, रेखा भार्गव, मनीषा राठौड़, बबली जैन, संध्या शर्मा, पंकज शर्मा और विजया लक्ष्मी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी नृत्य, शस्त्र प्रदर्शन, दुर्गा शक्ति नृत्य और मुकुंद झाला ग्रुप द्वारा जम्प रोप की शानदार प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर डॉ. एचपी सोनानिया, चित्रेश शर्मा, अदिति शर्मा, आदित्य शर्मा, दिलीप यादव, जीत राजपूत, नीतेंद्र साबले और श्रीकुंवर चावड़ा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित शर्मा व अनामिका शर्मा ने किया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com